राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

वर्ष : 14
अंक : 249
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 03 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा स्पोर्टस सिटी में बिल्डर ने जमा किए 80 करोड़

पेज 4 लखनऊ में मूसलाधार बारिश, कुकरैल नाले में बहा लड़का

पेज 6 यशस्वी जायसवाल के सामने पस्त हुए इंग्लिश गेंदबाज

## संक्षिप्त खबरें

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को कल से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी।

### एम्स में इलाज के दौरान ओडिशा की नाबालिग की मौत

नई दिल्ली। ओडिशा के बायाबर गांव में में 19 जुलाई को कुछ लोगों ने 15 साल की एक लड़की को जिंदा जला दिया था। अब इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। लड़की को गंभीर हालत में पहले भुवनेश्वर और फिर दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नाबालिग की मौत के बाद ओडिशा पुलिस ने कहा कि जांच में अब तक किसी और व्यक्ति के शामिल होने के सबूत नहीं मिले हैं। हालांकि, लड़की की मां एफआईआर में तीन अज्ञात लोगों पर बेटी को जलाने का आरोप लगाया था।

# राहुल बोले- भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है

## मोदी धांधली से पीएम बने; ईसीआई का जवाब- जून में बुलाया था, आए नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने पिछले 10 दिनों में तीसरी बार इलेक्शन कमीशन पर निशाना साधा है। राहुल ने शनिवार को कहा, भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है। हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और हुई भी।

भारत के पीएम के पास बहुत कम बहुमत है। अगर 10-15 सीटों पर भी धांधली न होती तो वे भारत के प्रधानमंत्री भी नहीं होते। राहुल ने ये बातें दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एनुअल लीगल कॉन्क्लेव-2025 में कहीं।

वहीं, चुनाव आयोग ने आज 12 जून को राहुल गांधी को भेजा गया लेटर जारी किया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, यह पत्र उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर दिए गए बयानों पर भेजा था और मुलाकात कर आरोप साबित करने को कहा था। राहुल ने अब तक इस पत्र का कोई जवाब नहीं दिया और न ही मुलाकात की।



इससे पहले राहुल ने 1 अगस्त को कहा था कि, चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। राहुल के इस बयान का रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जवाब दिया। राजनाथ बोले- अगर आपके पास परमाणु बम है तो उसे फोड़ दें। हां इतना ख्याल रखें कि आप सुरक्षित रहें।

### राहुल की स्पीच, 4 आरोप लगाए

2014 से ही मुझे इलेक्शन सिस्टम पर संदेह रहा है। भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करना आश्चर्यजनक था। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था, लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं।

लोकसभा में, हम चुनाव जीते। और फिर चार महीने बाद, हम न केवल हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। हमने पाया कि महाराष्ट्र में, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को जाते हैं।

संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को मिटाकर उस पर कब्जा कर लिया गया है। हमारे पास ऐसे सबूत हैं जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का कोई अस्तित्व ही नहीं है। यह गायब हो गई है।

चुनाव आयोग जैसी संस्था ठीक से काम नहीं करती। आपको जानकर हैरानी होगी कि चुनाव आयोग जो दस्तावेज उपलब्ध कराता है, उन्हें स्कैन या कॉपी नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग मतदाता सूची पर स्कैन और कॉपी प्रोटेक्शन क्यों लागू करता है?

# राहुल बोले- अरुण जेटली ने किसान कानून पर धमकाया

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को किसान कानून और सरकार का विरोध करने पर पूर्व वित्त मंत्री अरूण जेटली पर धमकाने का आरोप लगाया।

राहुल ने कहा कि मुझे याद है कि जब में किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरूण जेटली को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था।

राहुल ने बताया कि जेटली ने उनसे कहा था कि तुम सरकार के खिलाफ विरोध करना जारी रखोगे और किसान कानूनों के खिलाफ लड़ोगे तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा, इसके बाद मैने जेटली की तरफ देखा और कहा कि आपको कोई भी आइडिया नहीं है कि आप किससे बात कर रहे हैं।

राहुल के बयान पर अरूण जेटली के बेटे रोहन जेटली ने कहा कि राहुल गांधी कह रहे हैं कि मेरे पिता ने उन्हें किसान कानूनों पर धमकाया। लेकिन सच्चाई ये है कि मेरे पिता का निधन 2019 में हुआ था और कानून 2020 में लाए गए थे।

### रोहन बोले- जो हमारे बीच नहीं, उनके लिए सोच-समझकर बोलना चाहिए

रोहन जेटली ने कहा कि ऐसे लोग जो अब हमारे बीच नहीं हैं, उनके बारे में बोलते वक्त सोच-समझकर बोलना चाहिए। राहुल गांधी ने पहले भी मनोहर पर्रिकर जी के अंतिम दिनों पर भी राजनीति की थी, जो बहुत ही गलत था।

# कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर

**इनमें से एक हिट-लिस्ट में था; पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने 14 नाम जारी किए थे**



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को अब तक दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है। एनकाउंटर में सेना का जवान भी घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल रेफर किया गया है। हारिस कल सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच कल रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ऑपरेशन अखल को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। दोनों ओर से फायरिंग जारी है।

### कुलगाम में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की

एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद शुक्रवार शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए इलाके में और सिक्योरिटी फोर्सेज को भेजा गया है।

जम्मू-कश्मीर में इस हफ्ते की यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले, 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में स्ष्ट के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे।

### आईआईटी बॉम्बे में फाइनल ईयर के स्टूडेंट ने सुसाइड किया

मुंबई। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे के 22 साल के स्टूडेंट ने पवई स्थित हॉस्टल की छत से कूदकर सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट का नाम रोहित सिन्हा था और वह दिल्ली का रहने वाला था। वह आईआईटी बॉम्बे में मेटा साइंस के फाइनल ईयर का स्टूडेंट था। घटना शनिवार रात की है। जब रोहित ने हॉस्टल की 10वीं मंजिल से रात करीब 2: 30 बजे छलांग लगाई। उसी समय हॉस्टल में ही रहने वाला एक अन्य स्टूडेंट छत पर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसके बाद अन्य छात्रों की मदद से रोहित को हीरानंदानी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने बताया कि रोहित के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक को मोबाइल फोन खंगाला जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी उसके बारे में जांच कर सुसाइड के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद

**कोर्ट ने पीड़ित को 11.25 लाख देने को कहा; पूर्व प्रधानमंत्री के पोते को शुक्रवार को दोषी ठहराया था**

**मैसूरु।** बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्र कैद की सजा सुनाई। सांसदों/विधायकों की स्पेशल कोर्ट के जज संतोष गजानन भट ने रेवन्ना पर 11.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसमें से 11.25 लाख रुपए पीड़ित को दिए जाएंगे।

कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमेंरेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।





### प्रज्वल पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

पिछले साल प्रज्वल रेवन्ना का नाम कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में सामने आने के बाद चर्चा में आया था। उस पर 50 से ज्यादा महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। उनके खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोपों से जुड़े अब तक 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड बीएमडब्ल्यू कार में डेट पर गए
बॉयफ्रेंड- मैं आज तक तुमसे एक बात छुपा रहा हूं गर्लफ्रेंड- क्या?
बॉयफ्रेंड- मैं शादीशुदा हूं
गर्लफ्रेंड- तुमने तो डरा ही दिया था, मुझे लगा कि ये बीएमडब्ल्यू कार तुम्हारी नहीं है



## शायरी

भारत का लाल करेगा अब सवाल,
भ्रष्ट नेता ये बताओ कहाँ छुपाकर रखा है माल।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,599.91
-585.67 (0.72%)
निफ्टी:
24,565.35
-203.00

## मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 5 : 47
सूर्यास्त रविवार : 7 : 14

## विरोध प्रदर्शन



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और अन्य सदस्यों को नई दिल्ली में शास्त्री भवन के बाहर एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और हाशिए के छात्रों के लिए फेलोशिप और छात्रवृत्ति की बहाली की मांग को लेकर उनके विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया।

### छत्तीसगढ़ के एक स्कूल में कुत्ते का जूठा भोजन परोसा

**बलौदा बाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के लच्छनपुर गांव के सरकारी स्कूल में सातवीं और आठवीं कक्षा के 78 विद्यार्थियों को कुत्ते का जूठा भोजन दिया गया। इस घटना के बाद चिंतित अभिभावकों ने बच्चों को अस्पताल ले जाकर एंटी-रेबीज का टीका लगवाया। कलेक्टर दीपक सोनी ने जूठा भोजन परोसने वाले महिला स्व सहायता समूह को कार्य से हटा दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# अमेरिका ने 7 महीने में 1700 भारतीय निकाले

**इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं; विदेश राज्य मंत्री बोले- बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपार्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी।

उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था- क्या सरकार जनवरी 2025 से अमेरिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है?



सिंह ने कहा- बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है।

उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है।

इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं।

**पुणे हिंसा** — 100 से अधिक लोगों की हुई पहचान; 18 आरोपी गिरफ्तार

# पुणे में वाट्सएप स्टेटस के कारण भड़की थी हिंसा

पुणे। पुणे जिले के यवत गांव में एक वाट्सएप पर कथित आपत्तिजनक स्टेटस को लेकर भड़की सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया है और 500 से अधिक के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज की हैं।

आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार आरोपियों में शामिल है, साथ ही दौंड तहसील के यवत में आगजनी और तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता के लिए 17 अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है।

स्थानीय अदालत ने उनमें से 15 को चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



### 100 से ज्यादा लोगों की हुई पहचान

यवत गांव में शुक्रवार दोपहर सांप्रदायिक तनाव भड़क उठा और हिंसा की घटनाएं हुईं, जिसमें पोस्ट से नाराज लोगों के कई समूहों ने तोड़फोड़ की और संपत्तियों को आग लगा दी। यवत पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि घटना में शामिल 100 से ज्यादा लोगों की पहचान हो चुकी है।

भीड़ ने ने एक मोटरसाइकिल, दो कारों, एक धार्मिक स्थल और एक बेकरी को निशाना बनाया और आगजनी की। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा।

स्थिति नियंत्रण में है। पुणे के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संदीप सिंह गिल ने कहा कि प्रारंभिक जांच किसी सुनियोजित साजिश की ओर इशारा नहीं करती है और जांच पूरी होने तक कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

जिस व्यक्ति की आपत्तिजनक पोस्ट के कारण हिंसा भड़की, वह वर्षों से गांव में रह रहा है। राज्य रिजर्व पुलिस बल सहित सुरक्षाकर्मियों की टुकड़ी गांव में तैनात है।

वहां निषेधाज्ञा लगा दी है और आगे की स्थिति का आकलन होने तक ये लागू रहेंगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणेश बिरादर ने कहा कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है। गांवों में नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर में कल रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई।



उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई थी।

# संपादकीय

## 'तुम्हारी फ़ाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आँकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है'

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया ट्वीट्स एक बार फिर उसी पुराने 'डिजिटल दर्शन' की पुनरावृत्ति करते हैं —**

'जन धन से जन कल्याण',
'बीज से बाजार तक किसानों के साथ',
'ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को संदेश दिया',
'बाबा विश्वनाथ की भूमि से ऊर्जा',
और अंत में 'वोकल फॉर लोकल' का घोष।
बातें सुनने में प्रेरणादायक लगती हैं, पर जब जमीनी सच्चाई से टकराई जाती हैं —
तो यह भाषणबाज़ी एक 'डिजिटल कविता संग्रह' जैसी प्रतीत होती है
जिसमें छंद हैं, शब्द हैं : पर जीवन नहीं।


जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### किसानों के नाम पर कॉर्पोरेट प्रेम

'बीज से बाज़ार तक' का नारा तब खोखला हो जाता है,
जब लाखों किसान मंडियों में औने-पौने दामों पर फसल बेचने को मजबूर होते हैं।
PM-KISAN के 6000 सालाना से न तो बीज आते हैं, न खाद, न कर्ज उतरता है।
और जिन तीन कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा,
उनमें किसानों को नहीं, कॉरपोरेट को 'आज़ादी' दी गई थी।?
अगर सच में किसानों से प्रेम होता —
तो एमएसपी की कानूनी गारंटी होती और 3 लाख से अधिक आत्महत्याओं का कोई जवाब होता।

### जनधन : जनकल्याण या डेटा बैंकिंग?

जनधन खातों की तस्वीरें बहुत छपीं, लेकिन सच्चाई यह है कि
* इनमें से लाखों खाते शून्य बैलेंस वाले हैं,
* डिजिटल इंडिया के नाम पर झरूकार्ड तक नहीं हैं,
* और गाँव की औरतें अंगूठा लगवाने के लिए आज भी बैंक मित्रों की भीख मांगती हैं।
यह 'इन्क्लूजन' नहीं, आंकड़ों की मार्केटिंग है।

### ऑपरेशन सिंदूर : विजय या व्यूज़?

प्रधानमंत्री कहते हैं — 'काशी से जवाब दूंगा'
पर सवाल यह है कि क्या अब राष्ट्रीय सुरक्षा भी स्टेज शो बन चुकी है?
सेनाओं के पराक्रम को 'इवेंट मैनेजमेंट' का हिस्सा बनाना क्या सही है?

### देशभक्ति की परख कैमरों से नहीं —

उन सैनिकों के घरों से होनी चाहिए जो आज भी मुआवज़े के लिए भटकते हैं।?
क्या देश की रक्षा नीतियाँ अब ट्रेंडिंग हैशटैग से चलेंगी?

### काशी : करिश्मा या कैमरा?

काशी को 'भव्य' दिखाने की होड़ में
* गंगा किनारे के मज़दूर गायब हो गए,
* ठेले-रिक्शे वालों की रोज़ी छीन ली गई,
* और संस्कृति को संगमरमर में सजाया गया — मगर आम आदमी की झोंपड़ी अब भी टूटी हुई है।
काशी अब 'प्रोजेक्ट' है — नगरी नहीं।

### वोकल फॉर लोकल या ग्लोबल कॉपीपेस्ट?

वोकल फॉर लोकल का नारा ज़ोर-शोर से चला —
लेकिन सच्चाई यह है कि
* खिलौनों से लेकर ई-कॉमर्स तक चीन की पकड़ और मजबूत हुई,
* डिफेंस सौदों में भी 'स्वदेशी' नहीं, 'आयात' को प्राथमिकता मिली।
'मेक इन इंडिया' अब भी मुख्यत: 'पिक्चर इन इंडिया' बना हुआ है।

### निष्कर्ष: जब सरकार कैमरों से बात करती है, जनता से नहीं

आज विकास पावरपॉइंट में है,
प्रगति डेटा डैशबोर्ड में है,
जनकल्याण विज्ञापन में है —
लेकिन ज़िंदगी में नहीं।
यह 'नया भारत' प्रचार का पराक्रम है, परिवर्तन का नहीं।

### अंतिम पंक्तियां :

तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है,
मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है।
किसानों की आंखों में जो धूप उतर आई है,
वो 'विकास' की नहीं, बदहाली की परछाई है।

## जलता रहा चिराग तूफान में।

शान बढ़ जाती है वफाओं की
देख कर नाजुकी अदाओं की।
जलता रहा चिराग तूफान में
उसे ताकत मिली हवाओं की।
आ गई याद मां की बारंबार
जब जरूरत पड़ी दुआओं की।
गर्म तासीर खूब देखी है हमने
और ठंडी तासीर तेरी सदाओं की ।
परिंदों नें कही दास्तान कानों में
पंखों से नहीं उड़ान हौसलों की।
मां ने कहा था जाते-जाते संजीव
आपस में न हो दूरी फ़ासलों की।



संजीव ठाकुर रायपुर
9009415415

अन्तर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस - 3 अगस्त 2025

# मित्रता: रिश्तों की आत्मा और संवेदना की जीवंत सरिता

- ललित गर्ग -

मित्रता वह रिश्ता है, जो न रक्त से बंधा होता है, न किसी सामाजिक अनुबंध से, फिर भी यह जीवन का सबसे आत्मीय और मजबूत संबंध होता है। दोस्ती वह भूमि है जहां प्रेम, विश्वास, अपनत्व, समर्पण और संवेदना एक साथ अंकुरित होते हैं। इसी दुर्लभ और विशुद्ध भाव को सम्मान देने के लिए हर वर्ष अगस्त माह के प्रथम रविवार को 'अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस' मनाया जाता है। मित्रता दिवस का यह दिन केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि वह अवसर है जो रिश्तों की आत्मा को पुन: जागृत करने, टूटते संबंधों को जोड़ने और नफरत की दीवारों के बीच मैत्री के पुल बनाने का निमित्त बनता है। यह दिन एक सार्थक प्रयास है, अपने जीवन की भागदौड़ में उस रिश्ते को याद करने का, जिसने हर मोड़ पर हमें संबल दिया, हौसला दिया और मुस्कुराने की वजह दी।



दुनिया के अधिकांश रिश्ते सामाजिक, पारिवारिक या व्यावसायिक जरूरतों से बने होते हैं, लेकिन मित्रता केवल मानवीयता, करुणा और स्नेह की भावना से जन्म लेती है। इसमें न कोई स्वार्थ होता है, न औपचारिकता, न ही प्रदर्शन। यही कारण है कि श्रीकृष्ण-सुदामा, श्रीराम-विभीषण, गांधी-नेहरू जैसे रिश्ते युगों तक मिसाल बनते हैं। जोसेफ फोर्ट न्यूटन ने कहा है-लोग इसलिए अकेले होते हैं क्योंकि वे मित्रता के पुल बनाने की बजाय दुश्मनी की दीवारें खड़ी कर लेते हैं। आज यही सबसे बड़ा संकट है-मनुष्यता की गिरती दीवारें, रिश्तों की सूखती ज़मीन, और आत्मीयता की मरती हुई पुकार। एक बड़ा सवाल है कि क्यों सूख रही है रिश्तों की मिट्टी? आज हम तकनीकी रूप से जितने जुड़ चुके हैं, भावनात्मक रूप से उतने ही दूर हो गए हैं। मोबाइल, सोशल मीडिया, आभासी दुनिया ने संवाद को बढ़ाया है पर संपर्क को नहीं, क्योंकि आत्मा से जुड़ाव संवाद से नहीं, संवेदना से होता है।

नयी सभ्यता और उपभोक्तावाद के इस दौर में हर रिश्ता लाभ और हानि की तुला पर तौला जाता है। यही कारण है कि वैचारिक मतभेदों से मनभेद, प्रतिस्पर्धा से विरक्ति, और स्वार्थ से संवेदनहीनता जन्म ले रही है। ऐसे समय में दोस्ती ही एकमात्र ऐसा रिश्ता है जो इन सभी दीवारों को गिरा सकता है। यह केवल 'रिश्ता' नहीं बल्कि एक मन:स्थिति, एक दृष्टिकोण, एक आध्यात्मिक अनुभव है। जहां यह पर्व दक्षिण अमेरिकी देशों में 20 और 30 जुलाई को मनाया जाता है, वहीं भारत, मलेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों में यह अगस्त के पहले रविवार को धूमधाम से मनाया जाता है। युवाओं के लिए यह केवल गिफ्ट, सेल्फी और चॉकलेट तक सीमित रह गया है, जबकि इसकी मूल आत्मा है, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना, स्वीकार करना और निभाना।

विश्व मित्रता दिवस मनाते हुए एक प्रश्न उभरता है कि दोस्ती एवं मित्रता की इतनी आदर्श स्थिति एवं महत्ता होते हुए भी आज मनुष्य-मनुष्य के बीच मैत्री भाव का इतना अभाव क्यों है? क्यों है इतना पारस्परिक दुराव? क्यों है वैचारिक वैमनस्य? क्यों मतभेद के साथ जनमता मनभेद? ज्ञानी, विवेकी, समझदार होने के बाद भी आए दिन मनुष्य क्यों लड़ता झगड़ता है। विवादों के बीच उलझा हुआ तनावग्रस्त क्यों खड़ा रहता है। न वह विवेक की आंख से देखता है, न तटस्थता और संतुलन के साथ सुनता है, न सापेक्षता से सोचता और निर्णय लेता है। यही वजह है कि वैयक्तिक रचनात्मकता समाप्त हो रही है। पारिवारिक सहयोगिता और सहभागिता की भावनाएं टूट रही हैं। सामाजिक बिखराव सामने आ रहा है। धार्मिक आस्थाएं कमजोर पड़ने लगी हैं। आदमी स्वकृत धारणाओं को पकड़े हुए शब्दों की कैद में स्वार्थों की जंजीरों की कड़ियां गिनता रह गया है। ऐसे समय में दोस्ती का बंधन रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार करता है।


दुनिया बदल गई, तौर-तरीके बदल गए, पर दोस्ती की आत्मा आज भी वैसी ही है, शुद्ध, निस्वार्थ और जीवनदायिनी। श्रीकृष्ण और सुदामा की पवित्र मित्रता आज भी यह सिखाती है कि सच्चे दोस्त का मूल्य धन से नहीं, हृदय की आत्मीयता से आंका जाता है। श्रीराम और विभीषण की दोस्ती यह प्रमाण है कि विचारों की भिन्नता के बावजूद दिलों का मेल मित्रता को अमर बना देता है। आज जब रिश्ते स्वार्थों की चौखट पर सिर झुका रहे हैं, तब भी दोस्ती वह रिश्ता है जो बिना किसी अपेक्षा के जीवन को अर्थ देता है। आज की क्षणिक, स्वार्थ पर टिकी दोस्तियां जब टूटती हैं तो व्यक्ति भीतर से बिखर जाता है। तभी किसी विचारक ने कहा था-पहले प्रार्थना करते थे- हे प्रभु! दुश्मनों से बचाना, अब कहना पड़ता है, हे ईश्वर! दोस्तों से बचाना।' क्योंकि अब दोस्ती भी छल-कपट का आवरण ओढ़ चुकी है। जबकि आधुनिक समय में सच्चे मित्र सचमुच जीवन की बांसुरी में बसी आत्माओं के समान अनमोल है। मित्र वही जो जीवन के हर रंग में साथ दे, अंधेरे में दीपक की तरह और उजाले में छांव की तरह। ऐसे मित्र दुर्लभ होते हैं, लेकिन यदि जीवन में एक भी सच्चा मित्र हो तो वह संपत्ति, शक्ति और सुखों से बढ़कर होता है।

आचार्य तुलसी ने मित्रता के लिए जो सात सूत्र दिए, वे आज पहले से अधिक प्रासंगिक हैं-विश्वास, स्वार्थ-त्याग, अनासक्ति, सहिष्णुता, क्षमा, अभय और समन्वय। ये सात सूत्र दोस्ती को सतही नहीं बल्कि आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करते हैं। ये न केवल मित्रता को टिकाऊ बनाते हैं, बल्कि जीवन को भी सकारात्मक दिशा में मोड़ते हैं। दोस्ती के पांच मूलमंत्र हैं-एक-दूसरे की कमियों और अच्छाइयों को बिना शर्त स्वीकार करें। भावनाओं का सम्मान करें और समय दें। रिश्ता हल्का, सहज और मुस्कराहटों से भरपूर हो। पारदर्शिता, ईमानदारी और भरोसे को केंद्र में रखें। दोस्ती को निभाना सीखें, सिर्फ जताना नहीं। इन सूत्रों को अपनाकर हम मित्रता को सिर्फ एक दिवस की औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन की जीवन्तता बना सकते हैं। इसीलिये यदि आज भी कोई रिश्ता है जो समय, दूरी और मतभेद की सीमाएं लांघ सकता है, तो वह सिर्फ दोस्ती है-नवीन युग की पुरातन धरोहर।

विचार-भेद तो स्वस्थ समाज की निशानी हैं, लेकिन मन-भेद समाज को भीतर से खोखला कर देते हैं। क्रांति विचार-भेद से आती है, जबकि विद्रोह मन-भेद से। इसलिए मित्रता केवल भावनाओं की साझा ज़मीन नहीं, सामाजिक क्रांति की प्रयोगशाला भी बन सकती है। इसीलिये चलो एक बार फिर दोस्त बनें अभियान का सूत्रपात करते हुए जीवन को मुस्कान से भरे। इसके लिये मित्रता दिवस केवल एक संदेश नहीं देता, बल्कि एक पुकार है, जीवन को फिर से रंगीन, मधुर और अर्थपूर्ण बनाने की। दोस्ती का यह दिवस आमंत्रित कर रहा है अपनी ओर, बांहें फैलाये हुए, हमें बिना कुछ सोचे, ठिठके बगैर, भागकर दोस्ती की पगडंडी को पकड़ लेने के लिये। जीवन रंग-बिरंगा है, यह श्वेत है और श्याम भी। दोस्ती की यही सरगम कभी कानों में जीवनराग बनकर घुलती है तो कहीं उठता है संशय का शोर। दोस्ती को मजबूत बनाता है हमारा संकल्प, हमारी जिजीविषा, हमारी संवेदना लेकिन उसके लिये चाहिए समर्पण एवं अपनत्व की गर्माहट। यह जीना सिखाता है, जीवन को रंग-बिरंगी शक्ल देता है। प्रेरणा देता है कि ऐसे जिओ कि खुद के पार चले जाओ। ऐसा कर सके तो हर अहसास, हर कदम और हर लम्हा खूबसूरत होगा और साथ-साथ सुन्दर हो जायेगी जिन्दगी। हेलेन केलर ने ठीक ही कहा था-मैं उजाले में अकेले चलने के बजाय अंधेरे में एक सच्चे दोस्त के साथ चलना पसंद करूंगी। इसलिए आइए, इस दिन एक संकल्प लें-कि हम दोस्ती को केवल सोशल मीडिया की पोस्ट नहीं, बल्कि दिल की सच्ची अनुभूति बनाएंगे। हम मित्रता को उपहारों से नहीं, समर्पण, सहयोग और संवेदना से सजायेंगे। क्योंकि दोस्ती ही वह जादुई संवेदना है जो जीवन को भीतर से रोशन करती है, और हमारे अस्तित्व को एक नई परिभाषा देती है। पुरातन काल में जहाँ मित्र धर्म निभाना जीवन-मूल्य था, आज वह धर्म हमारी संवेदनाओं की अंतिम आशा बन गया है। मित्रता अब एक दिन का उत्सव नहीं, जीवन की जरूरत है, जहाँ न कोई दायित्व होता है, न कोई बंधन, सिर्फ अपनापन होता है। चाहे युग बदले या तकनीक, दिलों की दूरी को मिटा सकने की शक्ति केवल सच्ची दोस्ती ही रखती है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3609




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

16/23 → 1 2 3 4 6; ↑ 6 8 9

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3608 का हल



## हंसी के फूव्वारें


एक सज्जन ने अपने मित्र को बतलाया, 'यह सोने का कप मैंने दौड़ में फर्स्ट आने के कारण प्राप्त किया है.'
'बहुत खूब, तुम्हारे पीछे कितने लोग थे?' मित्र ने पूछा.
'तीन.....एक कप का मालिक और दो सिपाही.' उन सज्जन ने उत्तर दिया.

एक पोस्टमैन रिटायर हुआ तो उसकी विदाई के मौके पर सबने उससे खास अनुभव के बारे में पूछा. उसने झिझकते हुए कहा-कृपा करके मेरी पेंशन डाक से न भेजे.

दो लड़के जूस पी रहे थे. एक लड़के की उदास शक्ल देखकर दूसरे ने इसका कारण पूछा तो पहले लड़के ने जवाब दिया, 'मैं इसलिए उदास हूं कि मेरा आधा गिलास खाली हो चुका है, मगर तुम क्यों खुश हो?'
दूसरा चहककर बोला- 'इसलिए कि मेरा आधा गिलास अभी तक भरा हुआ है.'

मियाँ ने बीवी को एक पत्रिका में प्रकाशित चित्र सहित दिखाते हुए कहा, 'यह पूरा परिवार कांच खानेवाला है.'
'तुमसे तो ठीक है.' बीवी बोली, 'तुम तो दिन भर दिमाग चाटते रहते हो.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3609



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२


**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3608



## सूडोकु -3609




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3608 का हल



## शब्द पहेली - 3609



**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली - 3608 का हल



# नोएडा स्पोर्ट्स सिटी में बिल्डर ने जमा किए 80 करोड़

## प्राधिकरण ने फरवरी मार्च में जारी किए थे 62 बिल्डर को नोटिस, 11 हजार करोड़ है बकाया

नोएडा। नोएडा स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं से जुड़े कुछ डेवलपर्स ने अपने बकाए का भुगतान करना शुरू कर दिया है। लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन के नेतृत्व वाले सेक्टर 150 स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में कंसोर्टियम पार्टनर ब्रिक राइज़ डेवलपर्स ने 80 करोड़ रुपए जमा किए। नोएडा प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि की है। यह भुगतान प्राधिकरण द्वारा मार्च में जारी नोटिसों के बाद किया गया। जिसमें डेवलपर्स को हाइकोर्ट ने फरवरी के आदेश का पालन करते हुए एक महीने के अंदर लंबित बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था।

### 62 डेवलपर को जारी किए थे नोटिस

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर 150 स्पोर्ट्स सिटी के कई अन्य कंसोर्टियम ने भी बकाया जमा करने की इच्छा व्यक्त की है। प्राधिकरण द्वारा मांगे गए बकाया में लंबित प्रीमियम, प्रीमियम पर ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लीज़ रेंट, टाइम एक्सटेंशन 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवज़ा राशि शामिल है।



नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि शहर की चार स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं में विभिन्न डेवलपर्स को 62 नोटिस जारी किए गए हैं। इन परियोजनाओं पर प्राधिकरण का कुल मिलाकर 11,000 करोड़ रुपए बकाया है।

ये नोटिस फरवरी- मार्च 2025 में जारी किए गए। इसी नोटिस के खिलाफ बिल्डर सुप्रीम कोर्ट गए। लेकिन वहां प्राधिकरण के पक्ष में फैसला आया।

### हाइकोर्ट ने दिया था आदेश

दरअसल, उच्च न्यायालय ने 24 फरवरी 2025 को ने स्पोर्ट्स सिटी की चार में से तीन परियोजनाओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के आदेश दिए। जिसमें भारी वित्तीय और नियोजन संबंधी अनियमितताओं का हवाला दिया गया। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने 10 अलग-अलग फैसले सुनाए।

# नोएडा पुलिस कॉल सेंटर सरगना की कर रही तलाश

## तीन टीम दिल्ली हरियाणा में कर रही दबिश, शुक्रवार को 18 लोग हुए थे गिरफ्तार

**नोएडा।** माइक्रोसाफ्ट टेक्निकल सपोर्ट बताकर ठगी करने वाले कॉल सेंटर के फरार सरगना की तलाश में तीन टीमें हरियाणा और दिल्ली समेत कई ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एक सरगना को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शुक्रवार को सीआरटी और फेज तीन थाने की पुलिस ने ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर दो महिलाओं समेत 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



### बिल्डिंग किराए पर देने पहले कराए वेरीफिकेशन

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि अगर वह अपना मकान या बिल्डिंग किराये पर दे रहे हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि वहां पर किसी प्रकार की ठगी या अनैतिक काम न हो। अगर बिना सत्यापन और जांच के किराये पर मकान और बिल्डिंग दी है तो पुलिस मालिकों पर भी कार्रवाई करेगी। शुक्रवार को पुलिस ने जिन आरोपियों की गिरफ्तारी की थी ज्यादातर हरियाणा और दिल्ली के रहने वाले हैं। बीते छह माह से थाना क्षेत्र में कॉल सेंटर संचालित हो रहा था।

### अमेरिकी नागरिकों से करेगी संपर्क

पुलिस उन अमेरिकी नागरिकों के संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रही है जो तकनीकी सहायता के नाम पर ठगी का शिकार हुए हैं।

गिरोह का सरगना गूगल समेत अन्य प्लेटफॉर्म से विदेशी नागरिकों का डेटा हासिल करता था। यूएस वेंडर की मदद से भी विदेशी नागरिकों का डेटा लिया जाता था।

इसके बाद चिह्नित अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर में वायरस या बग भेजा जाता था। इसके बाद आरोपी एक्स लाइट और आईबीम ऐप के माध्यम से इंटरनेट कॉल करके तकनीकी सहायता देकर कंप्यूटर में आई समस्या को दूर करने का झांसा देते थे।

### 1000 डॉलर तक करते थे डिमांड

सहायता के नाम पर 100 से एक हजार डॉलर तक की मांग की जाती थी। कॉल करने वाले आरोपी खुद को माइक्रोसॉफ्ट सपोर्ट का तकनीकी विशेषज्ञ बताकर बात करते थे। समस्या के समाधान के लिए विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर में अल्ट्रा विवर और टीम विवर ऐप डाउनलोड कराया जाता था। वायरस आने की बात सुनकर जब विदेशी नागरिक अपनी डिटेल चेक करते थे तो उसका स्क्रीनशॉट लेकर आरोपी अपने पास रख लेते थे। इसमें खाते और बैंक संबंधी जानकारी भी होती थी।

## दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल से मारपीट

# 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अच्छेजा बुजुर्ग गांव में एक गंभीर घटना सामने आई है। यहां ग्रामीणों ने दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को चोर समझकर मारपीट की और उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी अमित शर्मा दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल हैं। उनके अनुसार, गुरुवार की रात उनके पड़ोस में रहने वाली एक मजदूर को सांप ने काट लिया था। इलाज कराने के बाद वह देर रात ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल से अपनी कार में सवार होकर घर लौट रहे थे।

अच्छेजा बुजुर्ग गांव के पास पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझ लिया। ग्रामीणों ने उनकी कार पर पथराव किया और उनके साथ मारपीट भी की। इस घटना में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई।




पीड़ित अमित शर्मा ने अच्छेजा बुजुर्ग गांव निवासी फिरोज, तालिब, अल्ताफ, शकील, नसीर और पप्पू समेत 10 आरोपियों के खिलाफ दनकौर कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में शिक्षामित्रों का प्रदर्शन

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग, उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को शिक्षामित्रों ने पेंशन बचाओ मंच गौतम बुद्ध नगर के बैनर तले प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच के जिला संयोजक रविंद्र सिंह ने कहा कि सांसद और विधायक पुरानी पेंशन लेते हैं। लेकिन शिक्षक और कर्मचारियों को एनपीएस और यूपीएस दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह सौतेला व्यवहार अब नहीं चलेगा। धरने का संचालन जिला प्रवक्ता मानवेंद्र भाटी ने किया। इस प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नौरंगी सिंह ने धरने में आए सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। धरने को डॉ. बी सिंह, वीरेंद्र कुमार, दीपक भाटी, तस्लीम खान, रविंद्र रोशा और नीरज कुमार ने संबोधित किया। प्रदर्शन में भूदेव सिंह, प्रमोद, बहादुर सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, नीरज कुमार सिंह, सुनील कुमार और आशीष श्रीवास्तव भी मौजूद थे। इसके अलावा कुलदीप गुप्ता, उमवेंग, तरुण चौहान, संजय खारी, उमेश खारी, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रोहतास कुमार, जगदीश क्षेत्रपाल, दीपिका लता, शहनाज, कमलेश यादव, राजीव, सत्येंद्र, हरलाल, पुष्पेंद्र, संतोष, भूरा सिंह, रमेश बेनीवाल और मुकेश गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन में भाग लिया।

# ग्रेटर नोएडा में मजदूर पर ब्लेड से हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक मजदूर से तीन लोगों का विवाद हो गया। उन्होंने मजदूर पर ब्लेड से हमला कर दिया। उसे घायल हालत में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। बुलंदशहर निवासी नाजिम ने पुलिस को बताया कि वह दनकौर में एक मकान का निर्माण कार्य कर रहे थे। शुक्रवार को वह अपने गांव जाने के लिए दनकौर बस अड्डे पर ऑटो का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ काम करने वाले शाहदाब और इंतजार समेत तीन लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद आरोपी शाहदाब ने ब्लेड से नाजिम पर हमला कर दिया।

# ग्रेटर नोएडा के प्राथमिक विद्यालय में जलभराव

## छात्र-शिक्षक परेशान, दीवारों में दरारें; कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

**जेवर।** जेवर क्षेत्र के चपरगढ़ गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे छात्र और स्कूल स्टाफ दोनों परेशान हैं। जलभराव के कारण विद्यालय की इमारत में दरारें आ गई हैं। इससे सुरक्षा का खतरा पैदा हो गया है। विद्यालय की प्रिंसिपल रेणु नागर और ग्रामीण प्रेम सिंह, रामवीर, विजयपाल, सुंदर खटाना और गज़ब सिंह के अनुसार यह समस्या कई वर्षों से चली आ रही है। जलभराव के कारण छात्रों और शिक्षकों को स्कूल आने-जाने में कठिनाई होती है।

### पनप रहे कीड़े-मकोड़े

पानी जमा होने से कीड़े-मकोड़े पनप रहे हैं। इससे बच्चे विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। स्कूल परिसर में हमेशा बदबू बनी रहती है। जलभराव के कारण विद्यालय की दीवारों में दरारें भी आ गई हैं।



स्कूल प्रशासन ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है। अब तक जल निकासी की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने अब जिला अधिकारी तक शिकायत पहुंचाने की बात कही है।

# नोएडा में भाई का दोस्त बनकर ठगे 1.89 लाख

## महिला के खाते में रकम भेजने के लिए मांगी डिटेल, मोबाइल हैक किया

**नोएडा।** भाई के कहने पर बहन के खाते में रकम भेजने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने एक महिला के साथ एक लाख 89 हजार रुपए की ठगी कर ली। बैंक और खाते संबंधी जानकारी हासिल करने के बाद ठगी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर फेज दो थाने की पुलिस ने गौरव सहरावत नाम के व्यक्ति को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है।

### भाई का दोस्त बनकर मांगी डिटेल

शिकायत में सेक्टर-93 स्थित एटीएस विलेज सोसाइटी निवासी कामिनी शर्मा ने बताया कि 24 जुलाई को रात सवा आठ बजे के करीब उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से किसी गौरव नाम के व्यक्ति की कॉल आई।



उसके खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और भाई के कहने पर महिला के खाते में पांच हजार रुपए ट्रांसफर करने की बात कही। इसके बदले में महिला से यूपीआई और बैंक खाते का विवरण मांगा गया। इसे महिला ने साझा कर दिया।

### बोला गलती से चले गए 50 हजार ट्रांसफर

पांच मिनट बाद कथित गौरव की फिर से कॉल आई और कहा कि गलती से उसने पांच हजार की जगह पचास हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं। इस दौरान महिला के मोबाइल पर पचास हजार रुपए मिलने का मैसेज भी आया।

गौरव महिला पर अतिरिक्त 45 हजार रुपए वापस करने का दबाव बनाने लगा। महिला उस समय मीटिंग में थी ऐसे में उसने आनन फानन में 45 हजार रुपए का भुगतान किया, पर पहली ही ट्रांजैक्शन फेल हो गई। इसके बाद महिला ने पांच और दस हजार रुपए करके भेजा, इसपर भी ट्रांजैक्शन असफल ही रही।

### दो दिन बाद फिर कॉल किया

बार-बार ट्रांजैक्शन फेल होने पर गौरव ने महिला को पप्पू राम नाम के व्यक्ति की यूपीआई आइडी दी। महिला ने पप्पू राम की आईडी पर रकम भेज दी। गौरव ने रकम मिलने की बात स्वीकार कर ली तो ऐसे में महिला ने अपने भाई से बात नहीं की। तीन दिन बाद 27 जुलाई को महिला के पास गौरव ने दोबारा कॉल की और कहा कि गलती से उसके खाते में दो बार रकम आ गई है।

इसे वह वापस करना चाहता है। उसने ट्रांजेक्शन न हो पाने की बात कहते हुए महिला से दूसरे बैंक की जानकारी मांगी। ताकि अन्य माध्यम से वह रकम भेज सके।

बैंक विवरण देने के बाद महिला के मोबाइल पर फ्लिपकार्ट और फोनपे के ओटीपी आने लगे और क्रेडिट कार्ड ब्लॉक हो गया। जानकारी करने पर पता चला कि महिला के साथ कुल एक लाख 89 हजार सौ रुपये की ठगी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि मोबाइल हैक कर ठगी की गई है।

# ग्रेटर नोएडा में 3 घंटे तक उड़े 20 ड्रोन

## ग्रामीण लाठी- डंडे लेकर छतों पर चढ़े, पुलिस को दी सूचना

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के ईसेपुर गांव में शुक्रवार रात अजीब घटना देखने को मिली। रात करीब 11 बजे गांव के ऊपर अचानक 20 से ज्यादा ड्रोन कैमरे उड़ने लगे। इन्हें देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

ड्रोन कैमरे काफी नीची ऊंचाई पर उड़ रहे थे। इससे डरे हुए ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर अपने घरों की छतों पर चढ़ गए। उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही सभी ड्रोन कैमरे वहां से गायब हो गए।

ग्रामीण ओमकार भाटी ने बताया कि लगभग 3 घंटे तक ये ड्रोन गांव के ऊपर मंडराते रहे। इससे गांव में डर का माहौल बन गया। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की जांच करने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

यह घटना अकेली नहीं है। ग्रेटर नोएडा के बरसात गांव में भी इसी तरह के ड्रोन कैमरे देखे गए। वहां भी ग्रामीणों में डर का माहौल है।

लगभग 7 दिन पहले भी इसी तरह कई ड्रोन कैमरे उड़े थे। इस डर के कारण ग्रामीण रात को गांव में पहरा भी लगा रहे हैं।

अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि ये ड्रोन किसके थे और क्यों उड़ाए गए थे। स्थानीय प्रशासन इस मामले की जांच कर रहा है।

# नोएडा के अनीश राज ने स्केटिंग में जीता गोल्ड

**नोएडा।** अनीश राज ने 20वीं एशियाई रोलर-स्केटिंग चैंपियनशिप में 1-लैप रोड कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता है। ये चैंपियनशिप दक्षिण कोरिया में 19 से 30 जुलाई के बीच आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में 14 देशों के एथलीटों ने हिस्सा लिया। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। अनीश उत्तर प्रदेश के पहले अंडर-19 स्केटर हैं। जिन्होंने एशियाई चैंपियनशिप और वर्ल्ड स्केट गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अब तक 101 स्वर्ण, 15 रजत और 5 कांस्य पदक जीत चुके अनीश का रोलर स्केटिंग में सफर उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासन का जीवंत उदाहरण है।

# नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण पर लेगा एक्शन

## प्राधिकरण और प्रशासन बनाएंगे योजना, 39 डेवलपर को जारी थे नोटिस, लिया जा रहा लीगल ओपिनियन

नोएडा। नोएडा में सलारपुर खादर में 39 डेवलपर को अवैध निर्माण के लिए नोटिस जारी किया था। ये डेवलपर 60 से ज्यादा हाइराइज इमारतों का निर्माण कर रहे हैं। इनको इमारत ध्वस्त करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था। अब प्राधिकरण में इन डेवलपर के जवाब आना शुरू हो गए हैं। इसमें से अधिकांश के मामले हाइकोर्ट, सिविल कोर्ट, एडीएम कोर्ट में है। इसके लिए कानूनी राय ली जा रही है।

### पांच हजार से ज्यादा फ्लैट

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक व्यापक प्लान तैयार किया जाएगा। जिसके लिए जल्द ही डीएम के साथ बैठक की जाएगी। हालांकि यहां लगाए गए अधिकांश नोटिस को डेवलपर ने खुद ही हटा दिया। साथ ही यहां चोरी-छिपे निर्माण कार्य किया जा रहा है। इन सोसाइटी में करीब 5 हजार से ज्यादा फ्लैट हैं। जिनकी बुकिंग तक हो चुकी है। यहां दो से लेकर थ्री बीएचके तक के फ्लैट हैं। अन्य सोसाइटी से सस्ते होने के चलते लोग इनके लुभावने विज्ञापनों में फंस गए। जिन स्थानों पर इन इमारतों का निर्माण किया जा रहा है, वहां नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड लगे हैं। इसमें साफ लिखा है कि यह जमीन प्राधिकरण की अर्जित और कब्जा प्राप्त जमीन है। इस पर निर्माण करना अवैध माना जाएगा। फिलहाल अधिकांश मामले अदालत में होने से अब इन पर विधि विभाग से सलाह-मशवरा किया जा रहा है।

# शार्ट न्यूज

## औषधि निरीक्षक ने ग्राम नीमका में मेडिकल स्टोरों पर दवाओं की गुणवत्ता जांची




**गौतम बुद्ध नगर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप दवाईयों की बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विगत दिवस औषधि निरीक्षक जय सिंह ने ग्राम नीमका में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान ग्राम नीमका में स्थित शिव शक्ति फार्मेसी और राजू मेडिकल स्टोर से 2-2 दवाओं के नमूने जांच हेतु संग्रहित किये हैं। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स पर दवाओं की जांच की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से जल निकासी व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नालियों और सीसी निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या किसी भी स्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर उत्पन्न न हो। इसके लिए सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए एवं कलेक्ट्रेट परिसर के जल निकासी हेतु ठोस कार्य योजना बनाते हुए किए जा रहे कार्य को अंतिम रूप प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के कार्यालय कक्ष में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों के जर्जर भवनों के ढांचे का मूल्यांकन, नीलामी एवं ध्वस्तीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प तथा विद्यालय युग्मन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 28 जर्जर विद्यालयों में से 16 विद्यालयों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है, शेष 12 विद्यालयों का मूल्यांकन 05 अगस्त 2025 तक उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विद्यालय भवनों के ढांचे की तीन बार नीलामी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उनका ध्वस्तीकरण संबंधित ग्राम प्रधान, प्राधिकरण, नगर पंचायत या नगर पालिका द्वारा शासनादेश के अनुरूप शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी और प्राधिकरण संबंधित अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया।

## नोएडा में गांव-गांव से गोबर उठाया जाएगा

**नोएडा।** शहर में सेवर स्टार का दर्जा दिलाने के लिए प्राधिकरण द्वारा ओर बड़े और त्वरित कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए गांवों में घर-घर से कूड़े कचरे की तरह गोबर भी उठाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा योजना बनाई जा रही है। ये कहना है नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम का। उन्होंने यह बातें सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में सम्मान समारोह के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि शहर को सेवन स्टार का दर्जा दिलाया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा हर जरुरी कदम भी उठाए जा रहे हैं। बीते दिनों प्राधिकरण की टीम ने गोवा का दौरा किया था।वहां पर कूड़े के प्रबंधन की व्यवस्था देखी। वहां प कूड़े के निस्तारण के लिए काफी महंगी मशीन का प्रयोग किया जा रहा है। उसी मशीन को शहर में लगाने के लिए योजना बनाई जा रही है। इसका प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद नई तकनीक की कूड़ा निस्तारण की महंगी कीमत की मशीन को लगाया जाएगा। पार्कों के निकलने वाले हरे कचरे से भी खाद तैयार की जाएगी। एनईए द्वारा भारत सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में नोएडा प्राधिकरण को अपनी श्रेणी में देश का सबसे स्वच्छ और नोएडा को गोल्डन सिटी का अवार्ड मिलने की खुशी में एनईए ने प्राधिकरण के सीईओ डा0 लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री, वरिष्ठ महाप्रन्धक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह को सम्मानित किया।

## इंडिया एक्सपो सेंटर में वेलफेस्ट इंडिया का शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो मार्ट सेंटर में शनिवार को एशियन ग्रुप ऑफ मेडिकल इंस्टीट्यूट के चेयरमैन पद्मश्री डॉ. एनके पांडे द्वारा वेलफेस्ट इंडिया 2025 का भव्य उद्घाटन किया गया। यह भारत का पहला एकीकृत वेलनेस और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल पर केंद्रित महोत्सव है। यह महोत्सव 5 अगस्त 2025 तक आयोजित होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. एनके पांडे ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है जो आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से लागू करने में सहायक होगी। यदि हम दीर्घकालिक दृष्टिकोण से इस दिशा में कार्य करें तो यह देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को क्रांतिकारी रूप से बदल सकता है।हालांकि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था में मांग और आपूर्ति को लेकर अभी भी भारी अंतर है, जिसे केवल एलोपैथी से पाटना संभव नहीं। हमें अपने पारंपरिक चिकित्सा तंत्र आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा और योग को साथ लाना होगा। उन्होंने वेलनेस और वरिष्ठ देखभाल क्षेत्रों में जागरूकता, सहयोग प्रणाली और नवाचार की निरंतर आवश्यकता पर भी जोर दिया। डॉ. नितिन अग्रवाल ने आयुष क्षेत्र की मजबूती पर बोलते हुए कहा कि आयुर्योग एक्सपो भारत की वेलनेस विरासत का एक समग्र प्रतिनिधित्व है, जिसमें आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्ध और यूनानी पद्धतियों को दर्शाया गया है। यह मंच आयुष की व्यापक संभावनाओं को सामने लाता है। यह स्पष्ट संकेत है कि विश्व अब प्राकृतिक, निवारक और समग्र चिकित्सा की ओर लौट रहा है।

# लखनऊ में मूसलाधार बारिश, कुकरैल नाले में बहा लड़का

## वीआईपी इलाकों में सड़कें डूबीं, ऐशबाग में खुले नाले में गिरी कार; चौराहों पर भीषण जाम

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को 2 से 3 घंटे मूसलाधार बारिश हुई। इसके चलते सड़कें तालाब बन गईं। नालों में उफान आ गया। बारिश के बीच इंदिरानगर के कुकरैल नाले में एक 14 साल का लड़का बह गया। यहां रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन बच्चा नहीं मिला है। मौके पर विधायक ओपी श्रीवास्तव, मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव भी पहुंचे। विधायक ने कहा- जब तक बच्चा मिल नहीं जाता रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहेगा। लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा की तरफ बारिश के बाद जायजा लिया। वहीं, रकाबगंज इलाके में एक बच्चा खुले नाले में साइकिल सहित गिर गया। लेकिन उसे राहगीरों ने तुरंत बचा लिया। ऐशबाग में जलभराव के चलते खुले नाले में कार गिर गई। तीन घंटे तक बारिश ने पूरे शहर को जमकर भिगोया, लेकिन गोमती नगर, इंदिरा नगर, सरोजनी नगर, चिनहट इलाकों में बहुत ज्यादा बारिश हुई। इसके चलते सड़कों पर भारी जलभराव हो गया। गोमती नगर में सड़क पर घुटने से ऊपर तक पानी भर जाने से लोगों की गाड़ियां बीच रास्ते में बंद हो गईं। राहगीरों ने कहा कि यह समस्या नालियों पर अतिक्रमण और सफाई न होने से हो


रिज़ु हामिद

रही है। समय रहते सफाई की गई होती तो जलभराव नहीं होता। लोहिया संस्थान के सामने जलभराव के चलते, निकलना मुश्किल हो गया। वहीं, चारों तरफ जलभराव से पब्लिक जूझती रही, लेकिन नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी कहीं नजर नहीं आए। बारिश रुकी तो शहर के सभी प्रमुख चौराहे जाम से थम गए। मुंशी पुलिया, पॉलिटेक्निक, चिनहट, कामता, आईजीपी, भूतनाथ, इंदिरा नगर, टेढ़ी पुलिया, कुर्सी रोड, विकास नगर चौराहे पूरी तरह से घंटों चोक रहे। इस लोग घंटों जाम में फंसे रहे। लेकिन ट्रैफिक पुलिस के इंतजाम धाराशायी हो गए। पुलिस भी नदारद रही।

### लखनऊ में 3.2 मिमी बारिश हुई

इससे पहले मौसम विभाग ने दोपहर 3 बजे लखनऊ के कई इलाकों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया। लखनऊ में शनिवार को 3.2 मिमी बारिश हुई। इस बीच नगर निगम ने लोगों से उनके क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के लिए अपने हेल्पलाइन नंबरों पर जानकारी मांगी है। ये नंबर 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902914 हैं।

# उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस 14 शिकायत में दो का हुआ तत्काल निराकरण

**ललितपुर।** पाली तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी निशांत तिवारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर तहसीलदार पीयूष कुमार भार्गव, क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। जनता की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 14 शिकायत पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण कर दिया गया। पाली तहसील में सर्वाधिक राजस्व




विभाग से पांच शिकायत आई एक का तत्काल निश्तरीकरण किया गया। तो वहीं पूर्ति विभाग से तीन , पुलिस विभाग से दो शिकायत आई एक का तत्काल निश्तरीकरण कर दिया गया, विद्युत विभाग से दो, अन्य विभाग से दो शिकायतें हैं। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया गया। तहसील दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर पंचायत, कृषि, खाद्य आपूर्ति सहित कई विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों और क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

# पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से आठ वारंटी गिरफ्तार किए

**ललितपुर।** पुलिस ने अलग-अगल स्थानों से आठ वारंटी गिरफ्तार किए हैं। अभियुक्तों के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है।
पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे वाँछित /वारन्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वारण्टी कैलाश पुत्र पतू उम्र करीव 40 वर्ष, दलुआ पुत्र पतू उम्र 75 वर्ष ,गनू पुत्र भोले उम्र करीव 55 वर्ष , हरसिह पुत्र भोला उम्र करीव 60 वर्ष, शिवलाल पुत्र पतुआ उम्र करीव 42 वर्ष, वंशी पुत्र चुक्खे उम्र करीव 35 वर्ष, गुल्ला पुत्र पतू उम्र करीव 70 वर्ष निवासी गण महरौनीखुर्द थाना कोतवाली ललितपुर केश न0-3776/13 धारा 323.504.506.427 भादवि दुवे पुत्र रामजी दुवे नि0 ग्राम सिलगन थाना कोतवाली ललितपुर उम्र करीब 28 वर्ष सम्बन्धित केस नं0 12906/23 धारा 138 NI Act को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम अनुराग अवस्थी प्रभारी निरीक्षक उ. नि. गौरव कुमार उ. नि. सुरेश चन्द्र उ.नि. नरेन्द्र सिंह का. मनीष कुमार साहू आदि शामिल रहे।

## एटा में थाने से लौटे युवक की मौत

एटा। यूपी के एटा में 17 साल के नाबालिग का शव घर से 500 मीटर दूर मिला। परिजनों के मुताबिक, उसे एक लड़की को भगाने के आरोप में पुलिस ने थाने बुलाया था। शुक्रवार को वह बड़े भाई और मामा के साथ थाने पहुंचा, लेकिन पुलिसवालों ने बड़े भाई और मामा को भगा दिया। इसके बाद रातभर बेटे को थाने में बंद कर पीटा गया। हालत बिगड़ने पर सुबह गांव से 500 मीटर दूर छोड़ दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। नाबालिग की मौत के बाद भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए। शव को ट्रैक्टर में रखकर एसएसपी कार्यालय पहुंच गए और हंगामा कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही एएसपी राजकुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया और दो दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामला निधौली कलां थाना क्षेत्र के चंद्रभानपुर गांव का है। घटना से जुड़े वीडियो सामने आए हैं, जिनमें मां और बहन रो-रोकर बेसुध हो रही हैं। बहन कह रही है- भइया कहां चले गए ? विधायक ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं को सुना और 11 शिकायतों का निस्तारण कराया

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके तहत नवागंतुक जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तहसील तालबेहट में जनसुनवाई की, अवसर पर अधिवक्ताओं व नागरिकों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक का माला पहनाकर व सॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त कई शिकातयों का मौके पर निस्तारण




कराया गया, शेष शिकायती पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जनसेवा को प्रतिबद्ध जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, आज जो शिकायतें सम्बंधित विभागों को तिथि निर्धारित कर पृष्ठांकित की जा रही हैं, वे नियत तिथि तक अनिवार्य रुप से निस्तारित हो जानी चाहिए, उनकी पुनरावृत्ति से समझा जाएगा कि सम्बंधित अधिकारी निस्तारण कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।
उन्होंने शिकायतकर्ताओं को अपने समीप बुलाकर गंभीरता से उनकी बात सुनी और उन्हें निस्तारण का भरोसा दियाला, उन्होंने कहा कि जनता की सेवा जिला प्रशासन का दायित्व है, यहां उपस्थित प्रत्येक अधिकारी जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है, इसमें कहीं कोई लापरवाही नहीं होगी।

# तहसील समाधान दिवस में 20 शिकायतें, 13 वारिसों को खतौनी प्रदान

## कलीनगर तहसील में जिलाधिकारी ने लिया जन शिकायतों का संज्ञान, समाधान दिवस के बाद किया पौधारोपण

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कुल 20 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया ।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करें तथा मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर निस्तारण आख्या अपलोड करना सुनिश्चित करें ।समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने 13 मृतक खातेदारों की वरासत संबंधी खतौनियां उनके



वैधानिक वारिसों को वितरित कीं। इनमें नाजिम खान, अनीस अहमद (दो बार), सर्वेश कुमार, राजेश कुमार, गुरदेव सिंह, प्रदीप मिश्रा, पूरनलाल, प्रिन्स, महेन्द्र कुमार, प्रेमशंकर, धर्मपाल एवं प्रदीप कुमार के नाम शामिल रहे।
समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत सचिवालयों में सुधारात्मक कार्यवाही कर सचिवों, लेखपालों व अन्य कर्मचारियों के मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं ।उन्होंने कहा कि गौशालाओं की दशा में भी सुधार किया जाए और सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में वरासत दर्ज कराने के लिए स्वयं पहल करें ।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, पूर्ति अधिकारी, लोक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन विकास खण्डों में सुरक्षा सैनिक और सुपरवाइजर की बंपर भर्ती

गाजीपुर। जनपद के 3 विकास खण्ड मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि0 के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जमानिया, रेवतीपुर और जखनियां ब्लॉक में आयोजित किए जाएंगे।
06 एवं 07 अगस्त को रेवतीपुर ब्लॉक मे 06 एवं 07 अगस्त को जमानिया ब्लॉक में 08 एवं 11 अगस्त को जखनियां ब्लॉक मे सुरक्षा सैनिक : हाईस्कूल पास, लम्बाई 167.5 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी, उम्र 19-40 वर्ष सुपरवाइजर : इंटर पास, लम्बाई 170 सेंमी, उम्र 19-40 वर्ष ऑफिसर : योग्यता और अनुभव के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए जौनपुर भेजा जाएगा, जहां उन्हें एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को सरकारी और गैर-सरकारी जगहों पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दी जाएगी, जैसे कि बनारस, गाजीपुर, प्रसिद्ध होटलों, मंदिरों, रेलवे मेट्रो, हॉस्पिटलों आदि में। नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, पेंशन दिया जाएगा।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में रक्षाबंधन त्योहार के अवसर पर जैविक व अपशिष्ट सामग्री से राखी बनाई

**पीलीभीत।** गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल ने रक्षाबंधन के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। विद्यालय में कक्षा 3 से 6 तक के छात्रों के लिए राखी बनाने की गतिविधि आयोजित की गई, जबकि प्लेग्रुप से कक्षा केजी तक के छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया और कक्षा 1 और 2 तक के छात्रों ने रक्षाबंधन से संबंधित कविता सुनाई ।छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए जैविक और अपशिष्ट सामग्री से राखी बनाई,जिसने विद्यार्थियों ने कई प्रकार की दालें, बिंदी, चावल, राजमा, ऊन, फल, बीजें, वेस्ट स्क्रैप पेपर आदि जैविक चीजों का इस्तेमाल किया। जिससे न केवल उनकी कलात्मक क्षमता का पता चला बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों को रक्षाबंधन के महत्व और भाई-बहन के पवित्र बंधन के बारे





में जानने का अवसर मिला। विद्यालय के इस आयोजन ने छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने और उन्हें संरक्षित करने का अवसर प्रदान किया।
कविता पाठ और राखी बनाने की गतिविधि ने छात्रों को रक्षाबंधन के महत्व को समझने और अपने भाइयों के प्रति अपने प्यार और स्नेह को व्यक्त करने का अवसर दिया ।विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी व विद्यालय की संरक्षिका डॉ सोनिया गोस्वामी जी ने रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बच्चों को बताया तथा इसके के प्रति जागरूकता और उत्साह को बढ़ावा दिया और उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व महसूस कराया ।गतिविधियों का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या जया घोष द्वारा कराया गया जिसमें अभिनव तिवारी, विष्णु प्रिया, अक्षांशी, स्वप्निल, प्रियंका, तमन दीक्षित, इशिता गोयल, प्रियांशी सक्सेना, कविशा अग्रवाल, मीना, प्रिन्सी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं ने अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# बेनहर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई इंग्लिश क्लब एक्टिविटीज, विद्यार्थियों ने दिखाई भाषाई प्रतिभा

**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल में 2 अगस्त 2025 को इंग्लिश क्लब की ओर से एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के लिए बहुभाषिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों की अंग्रेजी भाषा पर पकड़ मजबूत करना और मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देने की क्षमता को विकसित करना रहा ।कार्यक्रम में कक्षा 1 व 2 के छात्रों के लिए स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता, कक्षा 3 से 5 के लिए ड्रैमेटाइजेशन ऑफ फेयरी टेल्स, कक्षा 6 से 8 के लिए पोएट्री डेक्लेमेशन, कक्षा 9 व 10 के लिए स्पीच प्रतियोगिता और कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए एक्सटेम्पोर (तत्काल भाषण) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इन प्रतियोगिताओं की रूपरेखा इंग्लिश क्लब की इंचार्ज रोशनी बग्गा के संयोजन में इंग्लिश शिक्षकों के




सहयोग से तैयार की गई। कार्यक्रम का संचालन कुशलता से संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। वहीं हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा, जूनियर विंग की हेडमिस्ट्रेस नेहा पांडेय और प्राइमरी विंग की हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा ने प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया ।इस आयोजन में कई छात्रों ने अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया। प्रमुख प्रतिभागियों में सूर्यांश मुकेश शर्मा, विहान मित्तल, विराज जायसवाल, नायरा अरोड़ा, आदित्री पांडे, मणिका, शिवांश भटनागर, कियारा महाजन, ऐसिस, आश्वी गुप्ता, आव्या गंगवार,वीर अग्रवाल, अनिका अग्रवाल, रिफना हसन, अव्याना आनंद, हिमाक्षी राणा, अर्तज़ा हयात, अलिशबा, ज़ैनब फातिमा, मानवी, मानसी वर्मा, प्रभात चौधरी, कामिनी, आरुष बंसल, अपराजिता भार्गव, समृद्धि राज सिंह, यशस्वी सिंह, अरुणभ वर्मा, अंशिका सिंह, फाजिला नूर, प्रांजल, अब्दुल अहद, खिज़रा, साहिबजोत सिंह, रिदम वर्मा और ऐशमीत सिंह शामिल रहे।

## शार्ट न्यूज

### 443 शिकायतें, मौके पर 41 का निस्तारण

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी



**अम्बेडकरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।आलापुर तहसील में कुल 175 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं, अन्य तहसीलों में प्राप्त शिकायतों का विवरण इस प्रकार रहा-जलालपुर-116 में से 10 का निस्तारण, भीटी-59 में से 06 का निस्तारण, अकबरपुर-56 में से 05 का निस्तारणटांडा-37 में से 05 का निस्तारण, मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को शेष प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारीगण सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहर कोतवाल को मिला प्रशस्ति पत्र, किया प्रोत्साहित

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** एस.बी.शिरडकर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने अम्बेडकरनगर से अकबरपुर कोतवाल श्रीनिवास पाण्डेय को उनके अच्छे कार्यों व पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों को सकुशल व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए अमित शाह गृह मंत्री भारत सरकार एंव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने वालें कार्यक्रम में अभ्यर्थियों के व्यवथापन, भोजन व्यवस्था व परिवहन में उत्कृष्ट योगदान देने पर सराहना किया गया व प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर केशव कुमार ने श्रीनिवास पाण्डेय को पुलिस आफिस में अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा दिया गया प्रशस्ति प्रदान किया। नगर कोतवाल लगातार अपने अच्छे कार्यों के लिए चर्चा में बने रहते है।

### काउंसिलिंग में छात्राओं ने सीखे करियर बनाने के गुर

**ललितपुर ।** जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, ललितपुर मे एक दिवसीय कॅरियर काउसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की रितु गुप्ता, सहायक अध्यापिका द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम आकाँक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल, कॅरियर लक्ष्य निर्धारण एवं महिला सुरक्षा पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उनकी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्नों को पूछकर उनका समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित काउन्सलर डा0 प्रियम्वदा सारस्वत द्वारा छात्राओं को शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के आयामों के बारे में बताया गया। कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम में लगभग 320 छात्राएं उपस्थित रही कार्यक्रम का समापन करते हुये कॉलेज के प्रधानाचार्या अंजना वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके कॉलेज में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय के उमेश कुमार, वरिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने कलीनगर व माधौटांडा गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने तहसील कलीनगर क्षेत्र की कलीनगर और माधौटांडा स्थित गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य जल, हरे चारे और सफाई की व्यवस्था की स्थिति देखी ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौवंशों की संख्या की जानकारी ली और कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया पर जानकारी लेते हुए नस्ल सुधार की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि इन गौशालाओं को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जाए। साथ ही गोमूत्र के व्यवसायिकरण और गोबर गैस संयंत्र की स्थापना के प्रयास भी सुनिश्चित किए जाएं ।गौशालाओं की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने गौशाला से लगे तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा ।इस निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, स्थानीय पशु चिकित्सक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पीएम किसान की 20वीं किस्त का लाइव प्रसारण



**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी से शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का आयोजन जनपद पीलीभीत में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद स्तर, ब्लॉक स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर दिखाया गया ।गांधी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, मा. राज्यमंत्री के प्रतिनिधि चमकौर सिंह व जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने भाग लिया। बड़ी संख्या में किसान भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जनपद के सभी सात विकास खण्डों ललौरीखेड़ा, अमरिया, बरखेड़ा, बीसलपुर, बिलसंडा, पूरनपुर और एक अन्य ब्लॉक में भी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। ललौरीखेड़ा में ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, अमरिया में ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, बरखेड़ा में कमलेश गंगवार, बीसलपुर में पूर्व राज्यमंत्री रामसरन वर्मा, बिलसंडा में विधायक विवेक वर्मा तथा पूरनपुर में विधायक बाबूराम पासवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।ब्लॉक स्तर पर 772 से अधिक कृषकों ने भाग लिया जबकि सभी 720 ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में किसानों ने सीधा प्रसारण देखा।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 03 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

संक्षिप्त समाचार

## पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों पर गाज, पाक कोर्ट ने सुनाई करीब 200 लोगों को 10-10 साल की सजा



**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को पंजाब प्रांत में नौ मई, 2023 को आईएसआई भवन और अन्य सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले के सिलसिले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कुछ सांसदों सहित 166 सदस्यों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं को सजा सुनाए जाने की खबर देश भर में पांच अगस्त से प्रस्तावित 'फ्री इमरान खान मूवमेंट' के शुरू होने से ठीक एक सप्ताह पहले आई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने फैसलाबाद आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) के फैसले की कड़ी निंदा की है और इसे संसद से उसके सांसदों को अयोग्य ठहराने तथा पार्टी को शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करने से रोकने की साजिश का हिस्सा बताया है। अदालत ने बृहस्पतिवार को फैसलाबाद में आईएसआई भवन पर हमले के मामले में 185 आरोपियों में से 108 को दोषी ठहराया और शेष 77 को बरी कर दिया। फैसलाबाद में एक पुलिस थाने पर हमले से संबंधित मामले में 58 आरोपियों को 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। अदालत ने नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब, सीनेट में विपक्ष के नेता शिबली फराज तथा पीटीआई के प्रमुख नेता जरताज गुल और साहिबजादा हामिद रजा को 10-10 साल की सजा सुनाई। दोषियों में नेशनल असेंबली के छह सदस्य, पंजाब विधानसभा का एक सदस्य और एक सांसद शामिल हैं। नौ मई की घटना के मुकदमों में अब तक इमरान खान की पार्टी के 14 सांसदों को दोषी ठहराया गया है और पद से अयोग्य घोषित किया गया है। पार्टी के अंतरिम चेयरमैन गौहर अली ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ इस फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती देगी।

## वेटिकन बनेगा दुनिया का पहला कार्बन तटस्थ देश

**वेटिकन सिटी, एजेंसी।** वेटिकन सिटी रोम के उत्तर में मौजूद 430 हेक्टेयर (एक हजार एकड़) भूमि पर सौर ऊर्जा फार्म विकसित करने की योजना बना रहा है। इस फार्म से वेटिकन सिटी को उम्मीद है कि वे अपनी जरूरत के लिए पर्याप्त बिजली का उत्पादन कर पाएंगे और वेटिकन सिटी दुनिया का पहला कार्बन-तटस्थ देश बन जाएगा। जिस जगह सौलर फार्म विकसित किया जाना है, वह जगह इटली और वेटिकन सिटी के बीच विवाद का कारण रही थी। हालांकि अब दोनों देशों में इसे लेकर समझौता हो गया है। समझौते के तहत वेटिकन सिटी सौर ऊर्जा फार्म के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जमीन में कृषि उपयोग संरक्षित रखेगा। वेटिकन को सौर पैनल आयात करने के लिए इतालवी करों का भुगतान करने से छूट मिलेगी, लेकिन उसे उन वित्तीय प्रोत्साहनों का लाभ नहीं मिलेगा जो इतालवी लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने पर मिलता है। था। वेटिकन के अधिकारियों का अनुमान है कि सौर फार्म विकसित करने में 10 करोड़ यूरो (11.4 करोड़ डॉलर) की लागत आएगी, और इतालवी संसद द्वारा इसे मंजूरी मिलने के बाद, इस काम के लिए अनुबंधों की बोली लगाई जाएगी।

## न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी में भारी बारिश से बाढ़, इमरजेंसी लागू



**वॉशिंगटन डी सी, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्वी तट पर गुरुवार को तेज तूफान और भारी बारिश से बाढ़ आ गई। जिसके कारण न्यूयॉर्क शहर और न्यू जर्सी में इमरजेंसी की घोषणा करनी पड़ी। तूफान का असर न्यूयॉर्क से वाशिंगटन डीसी तक दिखा। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में एक घंटे में 3 इंच (7.6 सेमी) तक बारिश हुई, जिससे नाले और नदियां उफान पर आ गईं। न्यूयॉर्क में मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया। स्टेशन में दीवारों से पानी रिसता दिखा। भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गईं जिससे कई ट्रेनें और यात्री फंस गए। रेस्क्यू टीम ने यात्रियों को बचाया। सड़कों पर पानी भरने से कई गाड़ियां डूब गईं, और एक्सप्रेसवे बंद करना पड़ा। वहीं न्यू जर्सी में 14 हजार से ज्यादा लोग 24 घंटे बिना बिजली के रहे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहर और आसपास के इलाकों में आपातकाल की घोषणा की है। शुक्रवार तक और बारिश की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को यात्रा न करने और बाढ़ से बचने की सलाह दी है। 16 जुलाई को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में भारी बारिश से बाढ़ आई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। भारी बारिश का कारण मौसम में बड़ा बदलाव बताया जा रहा है।

# फिर लोकतंत्र की पटरी पर लौटेगा पड़ोसी देश म्यांमार
# इमरजेंसी खत्म, इस साल दिसंबर तक होंगे चुनाव

यांगून, एजेंसी। पूर्वी पड़ोसी देश म्यांमार के सैन्य शासक वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलेंग ने देश में आपातकाल खत्म करने की घोषणा की है। इसके साथ ही जुंटा शासन ने वहां नयी संघीय सरकार और राज्य सुरक्षा एवं शांति आयोग का गठन किया है। ताकि अगले छह महीने के अंदर चुनाव कराया जा सके। सैन्य शासक,हलेंग ने गुरुवार (स्थानीय समय) को इस बारे में घोषणा की कि अक्टूबर 2024 में होने वाली राष्ट्रव्यापी जनगणना पूरी होते ही इस साल के अंत तक यानी दिसंबर 2025 तक राष्ट्रीय चुनाव होंगे।

जुंटा शासन की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक टेलीविजन संबोधन में मिन आंग हलेंग ने कहा कि मतदान जनगणना पूरी होने के बाद होगा। इसके साथ ही उन्होंने देश में बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह घोषणा फरवरी 2021 में आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार से सेना द्वारा सत्ता हथियाने के तीन साल से भी अधिक समय बाद हुई है।

तख्तापलट के बाद होगा पहला चुनाव

2021 में हुए तख्तापलट के बाद यह पहला चुनाव होगा। तख्तापलट ने म्यांमार को गृहयुद्ध और अराजकता में धकेल दिया है। इस वजह से संदेह पैदा हो रहा है कि क्या विश्वसनीय मतदान हो पाएगा। बहरहाल, म्यांमार के अधिकारियों ने भी घोषणा की है कि चुनाव दिसंबर 2025 में होंगे, हालाँकि, इसके लिए सटीक तारीख





अभी तय नहीं हुई है।

सैन्य शासक अब बन गए राष्ट्रपति इस बीच, वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलेंग ने अब भंग हो चुकी राज्य प्रशासन परिषद के प्रमुख और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालाँकि, अब वे एक नई व्यवस्था के तहत व्यापक शक्तियों के साथ कार्यवाहक राष्ट्रपति बन गए हैं, जिससे उनका प्रमुख राजनीतिक प्रभाव बरकरार रहेगा। राष्ट्रीय स्वामित्व वाली म्यांमार रेडियो और टेलिविजन की रिपोर्ट के अनुसार अब यू न्यो साव संघीय सरकार में प्रधानमंत्री होंगे और वरिष्ठ जनरल मिन आंग हलेंग सुरक्षा और शांति आयोग के अध्यक्ष होंगे।रिपोर्ट में बताया गया है कि रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ को संप्रभु शक्तियाँ हस्तांतरित करने का निर्णय भी रद्द कर दिया है।

31 जुलाई तक रहा आपातकाल फरवरी 2021 में तख्तापलट के बाद तब के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू मियंट स्वे ने म्यांमार में एक साल के लिए आपातकाल की घोषणा की थी और संप्रभु शक्तियों को रक्षा सेवा के कमांडर-इन-चीफ को स्थांतरित कर दिया था। कमांडर-इन-चीफ ने बाद में राज्य प्रशासन परिषद का गठन किया और मिन आंग हलेंग इसके अध्यक्ष नियुक्त हुए। एनडीसी ने इस साल 31 जुलाई तक कई बार छह -छह माह के लिए आपातकाल का विस्तार किया है।

## शेख हसीना और 99 अन्य पर जमीन घोटाले के 6 मामलों में आरोप तय

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की दो अलग-अलग अदालतों ने बृहस्पतिवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 99 अन्य के खिलाफ एक आवास परियोजना में जमीन आवंटन में अनियमितताओं के छह मामलों में आरोप तय किए। इन छह मामलों में से ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-4 के जज रबीउल आलम ने तीन मामलों में आरोप तय किए। अदालत ने इन मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की और आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए।

इसी तरह ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 के जज मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने भी तीन मामलों में आरोप तय किए । बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के सरकारी वकील मीर अहमद अली सलाम के हवाले से बताया कि आयोग ने आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है और मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की है। गौर हो कि पिछले सप्ताह दोनों अदालतों ने राजुक पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना में भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं से जुड़े छह मामलों में आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की थी।

## 20 करोड़ डॉलर की लागत से बनेगा व्हाइट हाउस स्टेट बॉलरूम, 650 लोगों के बैठने की होगी क्षमता



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के व्हाइट हाउस में अब एक नया और बड़ा बॉलरूम बनाया जाएगा। व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को इसकी घोषणा की। इसका नाम व्हाइट हाउस स्टेट बॉलरूम होगा। इसका क्षेत्रफल करीब 90,000 वर्ग फीट होगा और इसमें 650 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। अभी व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में केवल 200 लोगों के बैठने की जगह है। व्हाइट हाउस ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि 150 वर्षों से राष्ट्रपति, प्रशासन और व्हाइट हाउस के कर्मचारी व्हाइट हाउस परिसर में एक ऐसे बड़े आयोजन स्थल की जरूरत महसूस कर रहे थे, जिसमें वर्तमान में अनुमत संख्या से कहीं अधिक अतिथियों को समायोजित किया जा सके। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस जरूरत को समझते हुए इसे पूरा करने का वादा किया है। अभी बड़े समारोहों की मेजबानी करने में असमर्थ व्हाइट हाउस बयान में कहा गया कि व्हाइट हाउस दुनिया की सबसे खूबसूरत और ऐतिहासिक इमारतों में से एक है, फिर भी व्हाइट हाउस वर्तमान में विश्व नेताओं और अन्य देशों के सम्मान में आयोजित होने वाले बड़े समारोहों की मेजबानी करने में असमर्थ है, क्योंकि इसके लिए उसे मुख्य भवन के प्रवेश द्वार से लगभग 100 गज दूर एक बड़ा तंबू लगाना पड़ता है। इसलिए अब यह नया बॉलरूम बनाया जा रहा है, जो सुंदर और सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। ट्रंप ने हाल ही में डिजाइन को लेकर कई बैठकें कीं बयान में कहा गया है कि हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप ने इस बॉलरूम के डिजाइन और योजना पर चर्चा करने के लिए कई बैठकें कीं। इसमें व्हाइट स्टाफ, राष्ट्रीय उद्यान सेवा, व्हाइट हाउस सैन्य कार्यालय और सीक्रेट सर्विस के लोग शामिल थे।

## ट्रंप ने कनाडा पर लगाया 35 प्रतिशत टैरिफ, ड्रग तस्करी पर रोक नहीं लगाने से अमेरिकी राष्ट्रपति नाराज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने कनाडा पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि कनाडा से आने वाले सामान पर अब 35 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति कनाडा से होने वाली ड्रग तस्करी को लेकर नाराज हैं। ऐसे में ट्रंप ने अवैध ड्रग्स पर सहयोग की कमी का हवाला देते हुए कनाडा से आने वाले सामानों पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया। नया टैरिफ शुक्रवार से प्रभावी है। इससे पहले ट्रंप ने कनाडा पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसे बढ़ाकर अब 35 प्रतिशत कर दिया गया है। व्हाइट हाउस की ओर से गुरुवार देर रात की गई घोषणा में कहा गया कि कनाडा, तस्करों, अपराधियों और अवैध ड्रग्स की तस्करी, जब्ती और रोकथाम के लिए पर्याप्त कदम उठाने में विफल रहा है। ट्रंप ने पहले धमकी दी थी कि अगर शुक्रवार तक कोई समझौता नहीं हुआ, तो वह कनाडा पर और भी ज्यादा टैरिफ लगा देंगे। कनाडा को ट्रंप द्वारा गुरुवार देर रात जारी की गई टैरिफ दरों की सूची में शामिल नहीं किया गया था। ये आयात शुल्क 7 अगस्त से लागू होने वाले हैं। कार्यकारी आदेश में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार और सुरक्षा समझौते करने के लिए कुछ व्यापारिक साझेदार देश सहमत हो गए हैं।

# भारतीय हाई कमिश्नर ने साइप्रस के पर्यटन मंत्री से की मुलाकात, सीधी उड़ान को लेकर हुई बात

**निकोसिया , एजेंसी।** भारत और साइप्रस के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। इसी कड़ी में भारत के हाई कमिश्नर (उच्चायुक्त) मनीष ने निकोसिया में साइप्रस के उप पर्यटन मंत्री कोस्टास कूमिस से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच पर्यटन सहयोग को और बढ़ाना था। बैठक में दोनों पक्षों ने विशेष पर्यटन पहलों के माध्यम से सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। साथ ही यह भी विचार किया गया कि दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाएं शुरू करने के लिए एयरलाइंस को किस तरह से जोड़ा जा सकता है।

इस बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि दोनों देशों के बीच संपर्क को और गहरा किया जाएगा। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और ऐतिहासिक विरासत के माध्यम से रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में गंभीर चर्चा हुई।

भारत के साइप्रस स्थित उच्चायोग ने अपने एक्स पोस्ट में जानकारी दी, उच्चायुक्त मनीष ने साइप्रस के उप पर्यटन मंत्री कोस्टास कूमिस से मुलाकात की और पर्यटन सहयोग को बढ़ाने के लिए विशेष पहलों पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की संभावनाओं पर भी बातचीत हुई।

पोस्ट में आगे कहा गया, भारत और साइप्रस के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी के बीच, इस बैठक में द्विपक्षीय पर्यटन को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और फिल्म निर्माण में



संभावित सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में दोनों देशों के बीच लोगों के स्तर पर रिश्तों को मजबूत करने, आपसी पहचान को बढ़ावा देने और ऐतिहासिक संवाद के माध्यम से रिश्तों को गहरा करने की प्रतिबद्धता दिखाई दी। जून महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस की यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स से विस्तृत बातचीत की थी। इस बातचीत में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई।

साथ ही दोनों नेताओं ने पर्यटन बढ़ाने और भारत-साइप्रस के बीच सीधी हवाई सेवा की संभावनाओं पर भी बात की थी। दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक और जन-जन के संपर्क को बढ़ावा देने को विशेष महत्व दिया। साथ ही 2025 के अंत तक मोबिलिटी पायलट प्रोग्राम अरेंजमेंट को अंतिम रूप देने पर सहमति बनी।

# हार्टअटैक से ही हुई हल्क होगन की मौत, फ्लोरिडा के मेडिकल परीक्षक की रिपोर्ट हुई पुष्टि

**फ्लोरिडा , एजेंसी।** महान अमेरिकी रेसलर हल्क होगन की पिछले सप्ताह हार्टअटैक से ही मौत हुई थी। इस बात की पुष्टि फ्लोरिडा के मेडिकल परीक्षक की बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को जारी रिपोर्ट में हुई है।

मेडिकल परीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, जब हल्क होगन की मौत हुई, तब वह 71 साल के थे और उनका असली नाम टेरी बोलिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें पहले से ही ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया) और दिल की धड़कन की बीमारी (एट्रियल फिब्रिलेशन) थी।



गवर्नर ने सम्मान में शुक्रवार को हल्क होगन दिवस घोषित किया

फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने उन्हें सम्मान देने के लिए शुक्रवार को हल्क होगन दिवस घोषित किया है। इस दिन फ्लोरिडा के सभी सरकारी भवनों पर झंडे आधे झुकाए जाएंगे। रिपब्लिकन गवर्नर ने कहा कि हल्क होगन एक सच्चे फ्लोरिडावासी थे।

90 मिनट से भी कम समय में अस्पताल में मृत घोषित किया पुलिस के मुताबिक, 24 जुलाई की सुबह जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा, तो डॉक्टर क्लियरवॉटर स्थित उनके घर पहुंचे। लेकिन 90 मिनट से भी कम समय में उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि मौत स्वाभाविक कारणों से हुई। हल्क होगन की पत्नी स्काई डेली ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें उम्मीद थी कि होगन अपनी बीमारियों से उबर जाएंगे, लेकिन यह सब अचानक हो गया। उन्होंने कहा, दुनिया के लिए वह एक सुपरस्टार थे, लेकिन मेरे लिए वह मेरे टेरी थे। डब्ल्यूडब्ल्यूई के बड़े सितारों में से एक थे हल्क होगन हल्क होगन डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े सितारों में से एक माने जाते थे। 1985 में पहले रेसलमेनिया में वह मुख्य आकर्षण थे और उन्होंने कई बड़े पहलवानों से मुकाबला किया था- जैसे आंद्रे द जाइंट, द रॉक, और विंस मैकमोहन। उनकी बेटी ब्रुक बोलिया ओलेक्सी, जिन्हें ब्रुक होगन के नाम से जाना जाता है, ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपने पिता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं बहुत आभारी हूं कि मैं उनके असली रूप को जानती थी। सिर्फ उस रूप को नहीं जिसे दुनिया ने एक खास नजरिये से देखा। होगन के अंतिम संस्कार की योजना अभी तक सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं की गई है।

# इजरायल के भी सगे नहीं रहे डोनाल्ड ट्रंप, लगा दिया 15 पर्सेंट टैरिफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत कुल 92 व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ लगाया गया है। इन देशों पर 10 से 41 फीसदी तक टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप ने अपने इस कार्यकारी आदेश के जरिए उस कहावत को भी चरितार्थ किया है कि बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया.. और इसी क्रम में ट्रंप ने अपने दोस्त नेतन्याहू को भी नहीं बख्शा। अमेरिका ने नई व्यापार नीति के तहत इजरायल पर 15प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है। वाइट हाउस ने घोषणा की है कि ट्रम्प प्रशासन की नई व्यापार नीति के तहत इजरायल से आने वाले सामानों पर 15 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। इससे पहले अप्रैल में लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ में इजरायल पर दो फीसदी ज्यादा यानी कुल 17 फीसदी का टैरिफ लगाया गया था। नए आदेश में सीरिया पर 41प्रतिशत तक टैरिफ लगाया गया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका पर 30प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। इसके अलावा, कनाडा से आने वाले सामानों पर मौजूदा टैरिफ 25प्रतिशत को बढ़ाकर 35प्रतिशत कर दिया गया है।

**पाकिस्तान पर 19प्रतिशत टैरिफ :** आदेश में कहा गया है कि धरती पर मौजूद हर देश से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर कम से कम



10प्रतिशत टैरिफ तो लगाया ही जाएगा। द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका की तरफ से जारी नई लिस्ट में कुल 92 देश शामिल हैं, जो उच्च टैरिफ रेट के अधीन हैं। ट्रंप ने पहले अफ्रीकी देश लेसोथो पर 50प्रतिशत टैरिफ की लगाने की धमकी दी थी लेकिन इस देश से आने वाले सामानों पर 15प्रतिशत टैरिफ ही लगाया गया है। इनके अलावा ताइवान पर 20प्रतिशत, पाकिस्तान पर 19प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। 15 फीसदी के टैरिफ दायरे में इजरायल के अलावा और जो देश हैं, उनमें आइसलैंड, फिजी, घाना, गुयाना, इक्वाडोर, वेनेजुएला,दक्षिण कोरिया, तुर्की, अंगोला, बोत्सवाना, कैनरुन, चाड, कांगो, जापान, जॉर्डन, मेडागास्कर, मलावी, मॉरीशस. वनातु, जिम्बाव्वे और जाम्बिया आदि शामिल हैं।

# रूस ने कीव पर रातभर दागे ड्रोन और मिसाइलें, 13 लोगों की मौत, 130 से ज्यादा घायल

**कीव, एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बुधवार रातभर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि मरने वालों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। इसके अलावा, हमले में 132 लोग घायल भी हुए हैं। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के मुताबिक, घायल लोगों में 14 बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें एक पांच महीने की बच्ची भी है। सार्वजनिक रिकॉर्ड के अनुसार, रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है, जिसमें एक साथ इतने बच्चे घायल हुए हैं। हमले में नौ मंजिला इमारत का हिस्सा ढहा कीव के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि हमले में एक नौ मंजिला इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया है। बचाव दल मलबे में दबे लोगों को निकालने में लगे हुए हैं। वहीं, क्षतिग्रस्त इमारत में रहने वाली 35 वर्षीय याना झाबोरोवा ने बताया कि तेज धमाकों की आवाज से उनकी नींद खुल गई। उन्होंने देखा कि हमलों की वजह से घर के दरवाजे और खिड़कियां टूट गईं। पांच महीने के शिशु और पांच साल के बच्चे की मां झाबोरोवा ने कहा, यह सिर्फ तनाव और सदमा है, कुछ भी नहीं बचा है। कीव में 100 से ज्यादा इमारतें क्षतिग्रस्त तकाचेंको ने बताया कि कीव में कम से कम 27 जगहों पर हमला हुआ है, जिसमें सोलोमिंस्क्यी और स्वियातोशिनस्क्यी जिलों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि कीव में 100 से ज्यादा इमारतें



क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें घर, स्कूल, किंडरगार्टन, चिकित्सा केंद्र और विश्वविद्याल शामिल हैं। रूस ने रातभर में 309 ड्रोन और 8 क्रूज मिसाइलें दागीं यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने रातभर में कुल 309 ड्रोन और 8 क्रूज मिसाइलें दागीं। इनमें से यूक्रेनी सेना ने 288 ड्रोन और तीन मिसाइलों को रोक दिया। लेकिन पांच मिसाइलें और 21 ड्रोन अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे। डेनेट्स्क क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख वादिम फिलाश्किन के अनुसार, रूसी सैनिकों ने पूर्वी यूक्रेनी शहर क्रामाटोर्स्क में एक पांच मंजिला आवासीय इमारत पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 11 अन्य घायल हो गए।

# सिराज और कृष्णा के झटकों से इंग्लैंड 247 रन पर सिमटा, भारत के स्टंप तक दो विकेट पर 75 रन

**लंदन (एजेंसी)।** मोहम्मद सिराज (86 रन देकर चार विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (62 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड को पहली पारी में 247 रन पर समेटने के बाद भारत ने शुक्रवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बनाकर 52 रन की बढ़त हासिल कर ली।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 51 रन और रात्रिप्रहरी आकाश दीप चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। जायसवाल आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की 23 रन की बढ़त को खत्म किया, इस दौरान दो बार उनका कैच छूटा। उन्होंने जैमी ओवरटन की शॉर्ट लेंथ गेंद पर अपरकट से छक्का जड़कर 44 गेंद में श्रृंखला में अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया।

भारत ने केएल राहुल (07) और साई सुदर्शन (11) के विकेट गंवा दिए। राहुल लूज शॉट खेलकर जोश टंग का शिकार हुए जबकि सुदर्शन स्टंप से तुरंत पहले गस एटकिंसन की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। जायसवाल ने एटकिंसन के शुरुआती ओवर में तीन चौके जड़े जिसमें एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव भी शामिल था। स्टंप से पहले तीसरा कैच छूटा जब जाक क्रॉली ने सुदर्शन को कैच करने का मौका गंवा दिया।

इससे पहले हैरी ब्रुक की 64 गेंद में 53 रन की आक्रामक पारी के समाप्त होने के बाद इंग्लैंड अंतिम सत्र में ऑल आउट हो गया। क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे और इंग्लैंड के 247 रन पर नौवां विकेट गंवाते ही पहली पारी समाप्त हो गई जिससे उसने 23 रन की बढ़त हासिल की।

सुबह भारत की पहली पारी आधे घंटे के अंदर 224 रन पर खत्म हो गई और टीम ने बचे हुए चारों विकेट 20 रन के अंदर गंवा दिए। सिराज ने दोपहर के सत्र में आठ ओवरों के शानदार स्पैल में तीन विकेट चटकाकर भारत को वापसी कराई जिससे चाय तक इंग्लैंड ने सात विकेट पर 215 रन बना लिए थे। चाय सत्र के बाद बारिश के व्यवधान के कारण कुछ देर तक खेल रोकना पड़ा, तब तक इंग्लैंड ने गस एटकिंसन के रूप में आठवां विकेट खो दिया था जो कृष्णा का शिकार हुए।

खेल शुरू होने के बाद सिराज ने ब्रुक (53 रन) को बोल्ड कर उसका आखिरी विकेट झटक लिया। सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दूसरे सत्र में तीन तीन विकेट झटके जिससे इंग्लैंड ने मुख्य बल्लेबाज जो रूट (29 रन), जाक क्रॉली (64 रन), कार्यवाहक कप्तान ओली पोप (22 रन) और जैकब बेथेल (छह रन) के विकेट गंवा दिए। रूट और कृष्णा के बीच इस दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई।

शुरुआती सत्र में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाए। लेकिन भारतीय तेज गेंदबाजों ने ब्रेक के बाद लेंथ हासिल करते हुए वापसी की। कृष्णा की गेंद पर क्रॉली ने पुल शॉट लगाने में गलती की और मिडविकेट पर कैच आउट हो गए। पिच से तेज गेंदबाजों को लगातार मदद मिल रही है। सिराज ने पोप और रूट को पगबाधा आउट किया। फिर एक इनस्विंग यॉर्कर से बेथेल को भी पगबाधा आउट किया। सिराज लगातार कोशिश करते रहे और उन्हें इसका फल भी मिला। एक बार फिर उन्होंने दिखाया कि वे कार्यभार प्रबंधन में विश्वास नहीं रखते। कृष्णा भी प्रभावशाली रहे। उन्होंने चाय सत्र के अंतिम ओवर में जैमी स्मिथ और जैमी ओवरटन के विकेट झटके।

भारत को खेल के पहले आधे घंटे में पहली पारी में 224 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज क्रॉली और बेन डकेट ने मेहमान टीम के तेज गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। डकेट (43 रन) और क्रॉली ने मर्जी से चौके जड़े जिससे इंग्लैंड लंच ब्रेक तक एक विकेट पर 109 रन बना चुका था। आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तिकड़ी के पास इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के लिए कोई रणनीति नहीं दिख रही थी। पर भारत को लंच से 15 मिनट पहले डकेट का विकेट मिलने से राहत मिली।



आकाश दीप की गेंद पर एक और रिवर्स हिट लगाने की कोशिश में डकेट विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। इस तरह इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने महज 77 गेंद में 92 रन बना लिए। क्रॉली ने 12 चौके से पांच सिराज की गेंदों पर लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर थर्ड मैन पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। डकेट ने इच्छानुसार शॉट लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर रिवर्स स्कूप शॉट लगाया और इसके बाद सिराज की गेंद पर रैंप ऑफ पर छक्का जड़ दिया। डकेट के आउट होने के बाद पोप क्रीज पर उतरे। उन्होंने कवर ड्राइव शॉट्स लगाकर शुरुआत की।

वहीं दिन की शुरूआत छह विकेट पर 204 रन से शुरू करने वाले भारत ने पहले 30 मिनट में 20 रन के अदंर बाकी के चार विकेट गंवा दिए। करुण नायर (109 गेंद में 57 रन) और वाशिंगटन सुंदर (26 रन) जल्दी आउट हो गए जिसके बाद एटकिंसन ने पुछल्ले बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड के लिए एटकिंसन ने पांच जबकि जोस टंग ने तीन विकेट चटकाये।

# एएफसी महिला एशियाई कप में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा लक्ष्य : स्वीटी



**उदयपुर (एजेंसी)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान स्वीटी देवी ने कहा है कि उनकी टीम का लक्ष्य अगले साल होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। स्वीटी के अनुसार एशियाई कप में मुकाबले आसान नहीं रहेंगे। उसे इसमें जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे जैसी मजबूत टीमों के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ऐसे में टूर्नामेंट की अच्छी तैयारी के लिए उसे इससे पहले होने वाले दोस्ताना मैच में मेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। भारतीय टीम महिला एशियाई कप की शुरुआत में ग्रुप सी में 4 मार्च, 2026 को वियतनाम के खिलाफ शुरुआती मुकबाला खेलेगी। वहीं इसके बाद उसे 7 मार्च को जापान और 10 मार्च को चीनी ताइपे से खेलना होगाहोगा।

स्वीटी ने कहा, यह टूर्नामेंट हमारे लिए आसान नहीं होगा पर हमारी पूरी तैयारी रहेगी। हम अगले साल मार्च तक कई मैत्री मैच खेलेंगे और उन मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। साथ ही कहा कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के किये जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महिला फुटबॉल का विकास होगा। इसी कड़ी में जिंक फुटबॉल अकादमी का प्रारंभ होना भी सकारात्मक कदम है।

इस महीने क्वालिफायर में मेजबान थाईलैंड को 2-1 से हराकर स्वीटी की कप्तानी में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने टूर्नामेंट के लिए एशियाई कप के क्वालिफाई किया था।

स्वीटी ने कहा, मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तानी करने का अवसर मिला। मैं भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करती रहूंगी और अपने फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए प्रयास करूंगी। मुझे भरोसा है कि हमारी टीम में इस प्रकार की क्षमता है हालांकि इसके लिए हमें कठिन प्रयास करने होंगे।

# सीए को एशेज में रिकार्ड दर्शकों के आने की उम्मीद

**सिडनी (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को उम्मीद है कि आगामी एशेज सीरीज को देखने रिकार्ड संख्या में दर्शक आयेंगे। सीए के के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग के अनुसार भारत और इंग्लैंड के बीच जिस प्रकार के रोमांचक मुकाबले हुए हैं उसका भी सकारात्मक प्रभाव एशेज सीरीज पर पड़ेगा और अधिक से अधिक दर्शक ये मुकाबले देखना चाहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज इस साल के अंत में होगी। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में दर्शकों की संख्या भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दर्शकों से अधिक होगा। बीजीटी के दौरान कुल 837,879 दर्शक स्टेडियम पहुंचे थे। ग्रीनबर्ग ने कहा, ''एक क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर अगर कहा जाये तो भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही सीरीज देखने लायक होगी। इसका प्रभाव एशेज पर भी नजर आयेग और जमकर टिकट बिकेंगे।''

# बुमराह को अपने मैच तय करने का अधिकार : डोइशे

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोइशे ने कहा है तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आराम लेने से किसी को भी समस्या नहीं होनी चाहिये। डोइशे ने कहा कि बुमराह को अधिकार है कि वह ये तय करें कि उन्हें कितने मैच खेलने हैं। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में तीन टेस्ट ही खेले हैं और सीरीज की शुरुआत में ही उन्होंने ये घोष्णा कर दी थी। बुमराह ने पहला टेस्ट खेला पर वह दूसरे टेस्ट से बाहर रहे। इसके बाद लॉडर्स और ओल्ड टैफर्ड में उन्होंने लगातार दो मैच खेले। वहीं अंतिम टेस्ट से भी वह बाहर हैं।

डोइशे ने कहा कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के बिना उतरना हमेशा ही कठिन रहता है। उन्होंने कहा, 'बुमराह का मामला कठिन । हम चाहते थे कि वह खेले पर उसके कार्यभार के कारण फिटनेस पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए हमें लगा कि उसे टीम में शामिल करना सही नहीं होगा। उसने काफी ओवर फेंके हैं। मुझे पता है कि ऐसा लगता नहीं क्योंकि उसने तीन ही टेस्ट खेले और मैनचेस्टर में एक ही पारी में गेंदबाजी की। डोइशे ने आगे कहा, 'लेकिन उसका कार्यभार देखें तो उसने काफी ओवर डाले हैं। उसने दौरे से पहले ही कह दिया था कि वह तीन ही टेस्ट खेलेगा और हमें लगा कि उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।



डोइशे ने कहा, 'यह कहना सही नहीं होगा। उसने कहा था कि वह तीन ही मैच खेलेगा और उसने हम पर छोड़ दिया कि वह तीन मैच कौन से होंगे। मुझे लगता है कि उन खिलाड़ियों पर ध्यान देना जरूरी है जो नहीं खेल रहे हैं, खासकर जब आपके पास 18 खिलाड़ी हों। उन्होंने कहा कि हमने सभी फैसले टीम हित में लिए हैं। साथ ही कहा कि जिन खिलाड़ियों को इस सीरीज में अवसर नहीं मिला है। वे भी काफी अच्छे हैं हालांकि टीम संयोजन को बनाये रखने उन्हें अवसर नहीं मिल पाया।

# भारत और इंग्लैंड मैच देखते नजर आये ललित मोदी और विजय माल्या पर भड़के लोग

ओवल (एजेंसी)। यहां भारत और इंग्लैंड के बीच जारी अंतिम टेस्ट मैच में आईपीएल के पहले कमिश्नर रहे ललित मोदी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मालिक रहे विजय माल्या को बैठे देखकर सभी हैरान हो गये। ये दोनो ही भारत में करोड़ों के घोटाले के बाद भाग गये थे। ऐसे में मैच में इनकी मौजूदगी से विवाद पैदा हो गया। ललित मोदी ने सोशल मीडिया मे कुछ तस्वीरे जारी की थीं जिसमें वह विजय माल्या के साथ बैठे नजर आ रहे थे। इनके साथ ही वेस्टंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल और भारत के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर भी दिखे। इन तस्वीरों के सामने आते ही लोगों में नाराजगी फैल गयी। आपत्ति उठा रहे लोगों का कहना है कि भारत से घोटाला कर भागे ये लोग किस प्रकार आराम से मैच देख रहे थे। इससे पहले जुलाई में भी ललित मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह और माल्या फ्रैंक एक गाना गाते नजर आए थे। यह वीडियो ललित के लंदन स्थित घर पर हुए एक कार्यक्रम का था। ललित मोदी ने ही साल 2008 में आईपीएल शुरु की थी पर वह साल 2010 वित्तीय गड़बड़ियों और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के बाद देश छोड़कर भाग गये थे।

# कृष्णा बोले , मैदान के बाहर रुट मेरे अच्छे दोस्त




ओवल। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट के बीच यहां इंग्लैंड के खिलाफ हुए पांचवे टेस्ट मैच के दूसरे दिन तीखी बहस हो गयी। इसा दौरान अंपायर ने हस्तक्षेप करते हुए कृष्णा को शांत कराया। इंग्लैंड की पारी के 22वें ओवर का ये मामला है तब रूट को गेंद डालने के बाद कृष्णा ने कुछ कहा। इसके बाद अंपायर बीच में आये। रूट आम तौर पर अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देते हैं और विवादों से दूर रहते हैं पर इस बार वह भी भड़क गये। वहीं कृष्णा ने दिन का खेल समाप्त होने पर इसे अच्छी लड़ाई बताया है और कहा है कि मैदान के बाहर रूट से उनकी अच्छी दोस्ती है। कृष्णा ने रूट के साथ हुई बहस पर कहा, यह एक छोटी सी बात थी, एक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त। वहीं कृष्णा ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाहर रने को लेकर कि कि वह खेलें या न खेलें। हमें पता है कि क्या करना है। मुझे उनकी जगह इसलिए लिया गया है ताकि मैं अपनी भूमिका निभा सकूं। वहीं अगर मैं मैच नहीं खेल पाऊंगा, तो मुझे अपनी रणनीति पर काम करना होगा। मैं यहां टीम के लिए काम करने आया हूं। मेरे लिए यह एक प्रक्रिया है, प्रदर्शन नहीं। मैच के दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान टीम को 247 रनों पर ही समेट दिया। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 224 रन बनाये थे।

# पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 को जीतने उतरेगी वेस्टइंडीज

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज की टीम पाकिस्तान के खिलाफ यहां दूसरे टी20 मैच को हर हाल में जीतने उतरेगी। सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज की टीम को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में वह इस सीरीज में 1-0 से पीछे है। इस मुकाबले में जहां पाक टीम को बल्लेबाजी में सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज और कप्तान सलमान आगा वहीं गेंदबाजी में शाहीन अफरीदी, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ और फहीम अशरफ से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं वेस्टइंडीज की टीम कप्तान शाई होप के अलावा शेरफेन रदफोर्ड, जेसन होल्डर, शमर जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स और ज्वेल एंड्रयू के भरोसे रहेगी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो पाक का पलड़ा भारी दिखता है। दोनो ही टीमों के बीच साल 2011 से लेकर अब तक 22 टी20 मैच खेले गये हैं। जिसमें 16 मैच पाकिस्तान ने जीते हैं और केवल तीन मुकाबले ही वेस्टइंडीज जीती है। तीन मुकाबलों में कोई परिणाम नहीं आये। पाक ने वेस्टइंडीज को पहले टी20 में 14 रनों से हराया था। पाक टीम ने पहल मैच में छह विकेट पर 178 रन बनाये थे जिसके जवाव में वेस्टइडीज की टीम 164 रन ही बना पायी। ऐसे में सीरीज बराबर करने के लिए वेस्टइंडीज को ये मैच हर हाल में जीतना रहेगा।




दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पाक:** सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सईम अय्यूब, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मुकीम।

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (विकेटकीपर कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक एथनाज, जेदिया ब्लेड्स, कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड।

# नेशनल बैंक ओपन : जेसिका हारी, स्वियातेक और सेवास्तोवा जीती




मांट्रियल। अमेरिका की जेसिका पेगुला जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में हार के साथ ही बाहर हो गयी। दो बार की विजेता जेसिका को तीसरे दौर के मुकाबले में लाटीविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा ने 6-3, 4-6, 1-6 से हराया। सेवास्तोवा का मुकाबला अब जापान की नाओमी ओसाका से होगा, ओसाका ने एक अन्य मुकाबलें लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया था। वहीं अन्य मुकाबलों की बात करें तो पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी। स्वियातेक का मुकाबला अब डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा, टाउसन ने एक अन्य मुकाबले में यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से हराया था। एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड की एम्मा राडूकानू को 6-2, 6-1 से पराजित किया। अब अमांडा का सामना यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से होगा। स्वितोलिना ने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 6-1 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग के एकल में अमेरिका के टेलर फिट्ज ने कनाडा के लंबे गैब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनायी फिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा। एक अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से हराया। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया

# एशिया कप: भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए बीसीसीआई की सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**जम्मू, (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाकिस्तान के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा, 'पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में पुलवामा और पहलगाम हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाकिस्तान के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। मैच के दौरान सट्टेबाजी से आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है। जब जल और वायु क्षेत्र को रोका जा सकता है, तो खेल संबंध क्यों?' साहनी के नेतृत्व में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुट्ठी के पास प्रदर्शन किया और हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिन पर लिखा था, 'सिंदूर के हत्यारों के साथ खेल संबंध असहनीय हैं', 'जल और वायु क्षेत्र बंद, क्रिकेट क्यों?', 'मैच सट्टेबाजी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा देना' आदि।

साहनी ने कहा कि 'सिंदूर' के दुश्मनों के साथ किसी भी तरह का रिश्ता बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपमानित और गिड़गिड़ाने के बाद, पाकिस्तान ने एक बार फिर सीमा पर घुसपैठ और आतंकवादियों को पालना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी से जुलाई (2025) तक जम्मू-कश्मीर में 98 आतंकवादी घटनाएँ हुईं और 32 आतंकवादी मारे गए। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, मई में 13 घटनाओं में 13 आतंकवादी मारे गए, जून में 12 घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए और जुलाई में आठ घटनाओं में तीन आतंकवादी मारे गए। अगस्त के पहले ही दिन, कश्मीर के कुलगाम में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि मुठभेड़ अभी भी जारी है, साहनी ने कहा कि पाकिस्तान नाम की पूंछ कभी सीधी नहीं होगी। भारत-पाक क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा किंग दाऊद इब्राहिम खासकर और पाकिस्तान की गोद में छिपे उसके गुर्गे ज़्यादा सक्रिय हो जाते हैं। क्योंकि सबसे ज़्यादा सट्टा तब लगता है जब ये दोनों देश आमने-सामने होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस पैसे का एक बड़ा हिस्सा आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल होता है। साहनी ने बीसीसीआई पर राष्ट्रीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अपनी तिजोरियां भरने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बीसीसीआई को हाल ही में आयोजित चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दौरान भारतीय खिलाड़ियों (जिन्होंने पाकिस्तान के साथ लीग और सेमीफाइनल खेलने से साफ इनकार कर दिया था) से सीख लेने की सलाह दी है।

# अंपायर कुमार धर्मसेना पर भड़के राहुल

ओवल। यहां भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों के बीच कई बार विवाद भी हुए। इंग्लैंड की बल्लेबाजी के दौरान जो रूट और भारतीय टीम के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के बीच बहस हो गयी जिसमें के एल राहुल भी बीच में पड़ गये उनकी अंपायर कुमार धर्मसेना से बहस भी हो गयी। ये मामला इंग्लैंड की पारी के 22वें ओवर का है तब रूट को गेंद फेंकने के बाद कृष्णा ने कमेंट किया जिसपर रुट ने आपत्ति जतायी। मामला बढ़ने पर राहुल भी बहस में शामिल हो गये। सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें राहुल ने रूट और कृष्णा की बहस को लेकर कहा, क्या, आप चाहते हैं कि हम कुछ न बोलें? इसपर धर्मसेना ने कहा, क्या आप चाहते हैं कि कोई गेंदबाज आए और आपसे इस तरह बात करे? नहीं आप ये नहीं कर सकते। नहीं राहुल, हमें उस रास्ते पर नहीं जाना चाहिए। राहुल ने कहा, आप हमसे क्या चाहते हैं? सिर्फ बल्लेबाजी और गेंदबाजी करे व घर जाएं? हम मैच के अंत में इस पर बात करेंगे। आप इस तरह बात नहीं कर सकते।卐 अब देखना है कि अंतरराष्ट्रीय किकेट परिषद (आईसीसी) के पास ये मामला जाता है तो वह क्या फैसला करती है। आईसीसी के नियमों के अनुसार, अंपायर के साथ की बहस को लेवल-1 या लेवल-2 अपराध की श्रेणी में रखा जा सकता है।



# यशस्वी जायसवाल के सामने पस्त हुए इंग्लिश गेंदबाज, शतक लगाते ही की रोहित और गावस्कर की बराबरी

**लंदन (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड दौरे की शुरुआत जहां शानदार शतकीय पारी से की थी, वहीं सीरीज के आखिरी टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भी शतक लगाकर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। लंदन के केनिंग्टन ओवल मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में टीम इंडिया की दूसरी पारी में जायसवाल ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। पहले पारी में महज 2 रन बनाकर आउट होने वाले यशस्वी ने इस बार अपने स्वाभाविक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए किसी भी अवसर को बेकार नहीं जाने दिया।

### सीरीज में ठोका दूसरा शतक

यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अब तक चार शतक लगा लिए हैं, जिससे उन्होंने रोहित शर्मा और सुनील गावस्कर के बराबर स्थान हासिल कर लिया है। जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में अब तक 1100 से अधिक रन बनाए हैं। भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ सबसे अधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं, जिनके नाम सात- सात शतकीय पारियां दर्ज हैं। यशस्वी इस सूची में वर्तमान में चौथे स्थान पर हैं, जहां उनके ऊपर कप्तान शुभमन गिल समेत कुछ अन्य खिलाड़ी भी शामिल हैं।

### सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा

यशस्वी जायसवाल ने सचिन तेंदुलकर के एक बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ डाला है। उन्होंने महज 23 साल की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। यशस्वी के नाम 23 साल की उम्र तक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में नौ फिफ्टी प्लस पारियां हैं, जबकि सचिन तेंदुलकर ने इसी उम्र तक आठ फिफ्टी प्लस पारियां खेली थीं।



# बीएसएनएल ने घटाई एक और सस्ते प्लान की वैलिडिटी, लोग उठा रहे सवाल

## -4जी या 5जी आने तक बीएसएनएल कितना किफायती रह जाएगा?

**नई दिल्ली।** बीएसएनएल ने एक बार फिर अपने सस्ते प्लान की वैलिडिटी को घटा दिया है। अभी पिछले दिनों ही बीएसएनएल ने अपने 99 रुपए वाले सबसे सस्ते प्लान की वैलिडिटी घटा दी थी। इसके बाद अपने दूसरे सबसे सस्ते प्लान की वैलिडिटी को भी बीएसएनएल ने घटा दिया। ऐसे में उन लोगों को चिंता सताने लगी है जिन्होंने बीएसएनएल को एक सस्ता ऑप्शन मान कर अपने नंबर पोर्ट करवाए थे। वहीं लोगों का कहना है कि बीएसएनएल आने वाले 5जी की तैयारी इस तरह से कर रहा है कि उसके मौजूदा प्लान महंगे हो जाएं?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 99 रुपए वाले प्लान की वैलिडिटी घटाने के बाद बीएसएनएल ने अब अपने 147 रुपए वाले प्लान की वैलिडिटी को भी घटा दिया है। अब इस 147 रुपए वाले प्लान में 10जीबी हाई स्पीड इंटरनेट डेटा और अनलिमिटेड वॉइस कॉलिंग के फायदे मिलेंगे। इस प्लान में एसएमएस नहीं मिलेंगे। अब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस प्लान में बदला क्या है? दरअसल पहले यह प्लान 30 दिन की वैलिडिटी के मिलता था। वहीं अब यह प्लान 25 दिन की वैलिडिटी के साथ मिलेगा। बता दें इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो लो इनकम ग्रुप में आते हैं। जाहिर है सस्ते रिचार्ज प्लान का टार्गेट यूजर वही लोग होते हैं जो एक महीने के 350 से 600 रुपए तक का प्लान रिचार्ज नहीं करवा सकते। इन सस्ते प्लान की वैलिडिटी 5 दिन घटाने की वजह से अब इन लोगों को महीने में इस प्लान को दो बार चार्ज करवाना पड़ेगा, ताकि सिम पूरे महीने एक्टिव रहे। इससे आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ेगा। इसके अलावा इस प्लान की कीमत न बदल कर सिर्फ चुपचाप वैलिडिटी घटाने से यूजर को पता ही नहीं चलेगा कि उसके फायदे घट चुके हैं। एक सा दाम दिखने के चलते कई यूजर्स बिना इसके फायदे चेक किए सीधा रिचार्ज करवा लेंगे।

पहले 99 रुपए के प्लान की वैलिडिटी 18 दिन से घटाकर 15 दिन करने के बाद और अब 147 वाले प्लान की वैलिडिटी 30 दिन से घटा कर 25 दिन करने के बाद लोगों सवाल कर रहे हैं कि आखिरकार 4जी या 5जी आने तक बीएसएनएल कितना किफायती रह जाएगा?

# महिंद्रा कंपनी ने अपने हजारों कर्मचारियों के लिए शुरू किया ईएसओपी प्लान

*कंपनी के शेयर के मालिक बनेंगे कर्मचारी, मिलेंगे 450 करोड़ के शेयर*

**नई दिल्ली।** महिंद्रा ग्रुप ने अपने कर्मचारियों के लिए एक खास तोहफा दिया है, जिसे सुनकर हर कोई खुश हो जाएगा। कंपनी ने पहली बार हजारों कर्मचारियों के लिए स्टॉक ओनरशिप प्लान (ईएसओपी) शुरू किया है। इसमें खास बात ये है कि इस बार ऑफिस में बैठने वाले कर्मचारियों के साथ फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। ये योजना महिंद्रा ग्रुप की तीन मुख्य कंपनियों- महिंद्रा एंड महिंद्रा, महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी के कर्मचारियों के लिए लाई गई है। बता दें पिछले कुछ सालों में महिंद्रा ने जबरदस्त तरक्की की है।

कंपनी की गाड़ियां, खासकर थार जैसे एसयूवी बाजार में धूम मचा रही है। इसकी वजह से कंपनी का स्टॉक पिछले पांच साल में 12 गुना बढ़ा है। यही नहीं महिंद्रा ने ह्युंडई को पीछे छोड़कर भारत में दूसरी सबसे बड़ी यात्री व्हीकल कंपनी का तमगा भी हासिल कर लिया है। इस प्रदर्शन से कंपनी ने अपने कर्मचारियों को इस कामयाबी का हिस्सा बनाने का फैसला किया है। ये कदम दीवाली से पहले कर्मचारियों के लिए एक बड़ा तोहफा है, जो न सिर्फ उनकी जिंदगी को बेहतर बनाएगा, बल्कि कंपनी के भविष्य को भी और मजबूत करेगा।

इस ईएसओपी योजना के तहत कर्मचारियों को रिस्ट्रिक्टेड स्टॉक यूनिट्स दिए जाएंगे। मतलब यह है कि कर्मचारी कंपनी के शेयर के मालिक बन सकते हैं, जो उनकी मेहनत और कंपनी की तरक्की को जोड़ता है। कंपनी ने एक पत्र जारी कर कहा कि ये योजना कर्मचारियों के बीच संपत्ति बनाने का मौका देगी।

# जीएसटी संग्रह जुलाई में बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हुआ

## यह वृद्धि घरेलू लेन-देन और आयात से मिले राजस्व के कारण हुई

**मुंबई।** भारत का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.5 फीसदी ज्यादा है। यह आंकड़े शुक्रवार को सरकारी ने जारी किए थे। यह वृद्धि घरेलू लेनदेन और आयात दोनों से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के कारण हुई, जो स्थिर आर्थिक गतिविधि को दर्शाता है, हालांकि विकास की गति हाल के महीनों की तुलना में धीमी रही।

इस साल अप्रैल और जुलाई के बीच ग्रॉस जीएसटी राजस्व 8.18 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 2024 की इस अवधि के 7.39 लाख करोड़ रुपए से 10.7 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। जुलाई में कुल ग्रॉस जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी से 35,470 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी से 44,059 करोड़ रुपए, इंटीग्रेटेड जीएसटी से 1,03,536 करोड़ रुपए और सेस से 12,670 करोड़ रुपए शामिल थे।

जुलाई में लगातार सातवां महीना रहा, जिसमें संग्रह 1.8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा, लेकिन यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 2.1 लाख करोड़ रुपए के औसत से कम था। अप्रैल में जीएसटी प्राप्तियां रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो मई में घटकर 2.01 लाख करोड़ रुपए रह गई। रिफंड के एडजस्टमेंट के बाद जुलाई में नेट जीएसटी राजस्व 1,68,588 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले के 1,65,800 करोड़ रुपए से केवल 1.7 फीसदी ज्यादा है। यह मामूली वृद्धि रिफंड में 66.8 फीसदी की वृद्धि के कारण हुई, जो जुलाई 2024 में 16,275 करोड़ रुपए की तुलना में इस महीने 27,147 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। अप्रैल-जुलाई की अवधि में नेट जीएसटी राजस्व पिछले साल के 6.56 लाख करोड़ रुपए से 8.4 फीसदी बढ़कर 7.11 लाख करोड़ हो गया है। राज्यों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। छोटे पूर्वोत्तर राज्यों ने मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिसमें त्रिपुरा 41 फीसदी की वृद्धि के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद 26 फीसदी के साथ मेघालय, 23 फीसदी के साथ सिक्किम और 22 फीसदी के साथ नागालैंड रहा। बड़े राज्यों में मध्य प्रदेश में 18 फीसदी, बिहार में 16 फीसदी, आंध्र प्रदेश में 14 फीसदी और पंजाब एवं हरियाणा में 12-12 फीसदी की वृद्धि रही।

# नए अमेरिकी टैरिफ से भारत का जीडीपी का 0.3 से 0.4 फीसदी तक हो सकता है नुकसान!

**नई दिल्ली।** नए अमेरिकी टैरिफ से भारत का निर्यात नुकसान जीडीपी का 0.3 फीसदी से लेकर 0.4 फीसदी के बीच रह सकता है। इसकी वजह है भारत की अर्थव्यवस्था का घरेलू बाजार पर केंद्रित होना और अमेरिका को गुड्स निर्यात में देश की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम होना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि न केवल भारत की निर्यात पर निर्भरता कम है, बल्कि अमेरिका को होने वाला गुड्स निर्यात देश की जीडीपी के करीब 2 फीसदी के बराबर है, जो अतिरिक्त मजबूती प्रदान करता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का सर्विसेज निर्यात इन टैरिफ के दायरे से बाहर रहेगा और इससे एक्सटर्नल सेक्टर को समर्थन मिलता रहेगा।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026 में चालू खाता घाटा (सीएडी) सकल घरेलू उत्पाद के 0.9 फीसदी पर बना रहेगा।

रूस से भारत के तेल आयात में किसी भी तरह के विविधीकरण का भारत के सीएडी पर न्यूनतम प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि रूसी यूराल और बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड के बीच मूल्य अंतर 2023 के औसत 20 डॉलर प्रति बैरल से घटकर करीब 3 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

वित्त वर्ष 2025 में अमेरिका को भारत का व्यापारिक निर्यात 87 अरब डॉलर था। निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का हिस्सा सबसे ज्यादा 17.6 फीसदी रहा। इसके बाद 11.8 फीसदी के साथ फार्मा उत्पाद और 11.5 फीसदी के साथ रत्न एवं आभूषण का स्थान रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के कुल इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 37 फीसदी है। इस क्षेत्र की चुनिंदा वस्तुओं को 25 फीसदी अमेरिकी शुल्क से अस्थायी रूप से छूट दी गई है। इसके अलावा अमेरिका को भारत के फार्मा निर्यात को भी टैरिफ से बाहर रखा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक वियतनाम, इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया जैसे कई एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका को अपने निर्यात के लिए भारत का सापेक्ष टैरिफ लाभ, 25 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के बाद प्रभावी रूप से उलट गया है, साथ ही रूस के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों से जुड़े अलग से पैनल्टी लगने की संभावना भी है। हालांकि, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी रहने की उम्मीद है और इससे कुछ राहत मिल सकती है।

# भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक, बदलाव-चुनौतियों के बावजूद मजबूत है साझेदारी

**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोनों देशों के रिश्तों को किया साझा**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क आधारित रिश्तों पर आधारित है। यह साझेदारी समय-समय पर हुए बदलावों और चुनौतियों के बाद भी मजबूत बनी है, यह बात विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क पर आधारित एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। यह साझेदारी कई बदलावों और चुनौतियों से गुजर चुकी है। हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी प्रगति करेंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारत पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि भारत से आने वाले सामानों पर 25 फीसदी का 'पारस्परिक शुल्क' लिया जाएगा और रूस से ऊर्जा खरीद को लेकर एक अलग दंडात्मक शुल्क भी लगाया जाएगा, जो 1 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत 1 अगस्त से 25 फीसदी शुल्क देगा। साथ ही उन्होंने यह कहा कि भारत को रूस से ऊर्जा खरीदने पर अतिरिक्त दंड भी भुगतना होगा। ट्रंप ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में जब तक रूस युद्धविराम नहीं करता, तब तक जो देश रूस से ऊर्जा खरीदते रहेंगे, उन पर अमेरिका की ओर से 100 फीसदी तक का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप के इस कदम को विशेषज्ञों ने एक रणनीतिक दबाव के रूप में देखा है ताकि भारत को किसी समझौते के लिए प्रेरित किया जा सके, खासकर तब जब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक जैसे अधिकारी यह संकेत दे चुके हैं कि भारत जल्द ही कोई व्यापारिक समझौता कर सकता है।

# कुल 6 नई कारों के मॉडल भारतीय सड़कों पर देंगे दस्तक

**नई दिल्ली।** चालू महीने में भारतीय सड़कों पर वोल्वो, मर्सिडीज, महिंद्रा और वियतनाम की कंपनी विनफास्ट समेत कुल 6 नए मॉडल दस्तक देंगे। वोल्वो एक्ससी 60 फेसलिफ्ट की लॉन्चिंग जल्द होगी। इसमें 11.2-इंच का बड़ा टचस्क्रीन, क्वालकॉम स्नैपड्रैगन चिपसेट, नया ग्रिल और 250एचपी का टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलेगा। 12 अगस्त को मर्सिडीज अपनी एएमजी सीएलई 53 कूपे लॉन्च करेगी, जो बेहद स्पोर्टी लुक और 20-इंच व्हील्स के साथ आएगी। इसमें 11.9-इंच टचस्क्रीन और 12.3-इंच डिजिटल क्लस्टर समेत लग्जरी फीचर्स होंगे। 15 अगस्त को महिंद्रा दो नए मॉडल पेश करेगी। पहला है एक सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी, जो 'एनयू' प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी और 1.2एल या 1.5एल डीजल इंजन के साथ आ सकती है। दूसरा है 'विजन कॉन्सेप्ट' लाइनअप, जिसमें एसएक्सटी, एक्स, टी और एस नाम के चार प्रोटोटाइप शामिल हैं। अगस्त के अंत में वियतनामी कंपनी विनफास्ट अपनी वीएफ 7 और वीएफ 6 इलेक्ट्रिक एसयूवीएस के साथ भारत में एंट्री करेगी। इन दोनों में अडास, वेंटिलेटेड सीट्स, बड़ा टचस्क्रीन और प्रीमियम इंटीरियर्स मिलेंगे।

# ड्यूटी फ्री आयात से दालों के दामों में गिरावट

**किसान और कारोबारी हैरान और परेशान**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दालों की कीमतों पर नियंत्रण करने के लिए शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दे दी है।जिसके कारण देश में दाल के भाव में गिरावट देखी जा रही है। कनाडा, अफ्रीकी देशों और रूस से बड़ी-बड़ी मात्रा में दाल आयात की जा रही है। जिसके कारण भारत में समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर दलहन बिकने लगा है। किसानों पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। किसानों ने दलहन की बोनी को कम कर दिया है। भारत के किसानों को दलहन का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण किसानों की रुचि दलहन में घटती चली जा रही है। किसान संगठनों द्वारा सरकार से लगातार मांग की जा रही है। विदेश से दलहन का आयात घटाया जाए, लेकिन सरकार ने किसान संगठनों की बात नहीं मानी। जिसके कारण भारत में दलहन के दामो में हर साल बड़ी अस्थिरता देखने को मिलती है। भारतीय बाजारों में चने की कीमत ₹8000 से घटकर 6200 पर आ गई है।तुवर की कीमत ₹11000 से घटकर 6700 पर आ गई है। पीली मटर के दाम 4100 से घटकर 3250 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गए हैं। लगातार दलहन के दामो में गिरावट देखने को मिल रही है। किसान संगठनों के अनुसार इस बार किसान तुवर की बुवाई में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण 8 फीसदी रकवा तुवर का घट गया है। पिछले वर्ष 37.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में तुवर की बुवाई हुई थी। जो इस साल घटकर 34.90 हेक्टेयर रह गई है। सामान्य तौर पर 45 लाख हेक्टेयर जमीन पर तुवर बोई जाती है। यह रकवा लगातार घटता चला जा रहा है।

# इलेक्ट्रॉनिक और फ़ार्मा पर टैरिफ का कोई असर नहीं?

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार भारत पर टैरिफ लगाने की धमकी दी जा रही है। इसका असर फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक पर नहीं पड़ेगा। इसलिए भारत को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। अमेरिका का ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) कानून के अनुसार अमेरिका इन दो क्षेत्र के प्रोडक्ट पर अलग से कोई टैरिफ नहीं लगा सकता है। भारत से अमेरिका में जिन उत्पादन का निर्यात होता है। उसका लगभग 50 फ़ीसदी इलेक्ट्रॉनिक और फ़ार्मा का निर्यात है। ऐसी स्थिति में भारत को ट्रंप की धमकियों से डरने की जरूरत नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कृषि और डेयरी सेक्टर के उत्पाद को भारत के बाजार में भेजना चाहते हैं।जिसके लिए वह दबाव बना रहे हैं। भारत सरकार के लिए यह संभव नहीं है, यह कृषि और डेयरी उत्पाद को अमेरिका से भारत में लाने का समझौता करे। यही एक कारण है, डोनाल्ड ट्रंप भारत के ऊपर मानसिक दबाव बनाकर डील करना चाहते हैं। अमेरिका ने अभी जो 25 फ़ीसदी टैरिफ लगाया है। इसका असर टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, लेदर फुटवियर, झींगा, एनिमल प्रोडक्ट तथा केमिकल सैक्टर में जरूर इसका असर होगा। यदि यही टैरिफ लग रहा, तो भारत का 50 फ़ीसदी निर्यात व्यापार प्रभावित होगा। जिस तरह की ट्रेड डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ करना चाहते हैं।भारत सरकार डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में यदि वह डील करेगी, तो भारत को भारी नुकसान होना तय है।

# हौंडा की घरेलू बिक्री में 19.43प्रतिशत की गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** जून 2025 बिक्री के लिहाज से हौंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के लिए मिश्रित संकेत लेकर आया। एचएमएसआई की घरेलू बिक्री में 19.43प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो जून 2024 में 4.82 लाख यूनिट्स से घटकर जून 2025 में 3.88 लाख यूनिट्स रह गई। हालांकि एक्टिवा और शाइन जैसी बेस्टसेलिंग टू-व्हीलर्स ने कंपनी की स्थिति को कुछ हद तक संभाला। अकेले एक्टिवा की 1.83 लाख यूनिट्स बिकीं, जो कुल बिक्री का लगभग 47प्रतिशत हिस्सा है। भले ही इसमें पिछले साल के मुकाबले 21.47प्रतिशत गिरावट रही, लेकिन यह अभी भी सबसे ज्यादा बिकने वाला स्कूटर है। वहीं, शाइन 125 और एसपी125 की कुल 1.34 लाख यूनिट्स बिकीं, जो बिक्री में हल्की गिरावट के बावजूद 35प्रतिशत से ज्यादा योगदान देती हैं। सीबी 350 जैसी प्रीमियम बाइक ने भी शानदार प्रदर्शन किया। जून में इसकी 2,361 यूनिट्स बिकीं, जो सालाना आधार पर 103प्रतिशत की वृद्धि है। यह दर्शाता है कि प्रीमियम सेगमेंट में ग्राहक रूचि दिखा रहे हैं। कंपनी की अप्रैल-जून तिमाही में 12.28 लाख यूनिट्स बिकीं, जबकि पिछले साल इसी समय 14.14 लाख यूनिट्स की बिक्री हुई थी।

# आरबीआई ने दिया मौका- अभी भी बदले जा सकते है दो हजार के पुराने नोट

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर नोटों से जुड़े हुए बदलाव करता रहता है। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की थी। उस समय इन नोटों की कुल कीमत 3.56 लाख करोड़ रुपये थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ 6,017 करोड़ रुपये के नोट ही बचे हैं। यानी 98.31 प्रतिशत नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ चुके हैं। फिर भी, कई लोगों के पास ये नोट घर में रखे हो सकते हैं। आरबीआई ने 9 अक्टूबर 2023 से बैंकों में इन नोटों को बदलने की सुविधा बंद कर दी है। अब आप सिर्फ आरबीआई के 19 इश्यू ऑफिस में ही इन्हें जमा या बदल सकते हैं। ये ऑफिस अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। इन जगहों पर आप अपने नोट जमा कर सकते हैं या अपने बैंक खाते में राशि ट्रांसफर करवा सकते हैं। इसके अलावा आप अपने नजदीकी डाकघर से इन नोटों को किसी भी ऑफिस में भेज सकते हैं। इसके लिए आपको एक आवेदन पत्र भरना होगा, जिसमें आपको बैंक डिटेल्स और नोटों की जानकारी देनी होगी। इसके साथ पहचान पत्र की कॉपी भी भेजनी होगी। आरबीआई को नोट मिलने के बाद आपके खाते में पैसे जमा हो जाएंगे। यह सुविधा खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो छोटे शहरों या गांवों में रहते हैं। तो, अगर आपके पास 2000 रुपये के नोट पड़े हैं, तो जल्दी से इन्हें जमा कर लें। देर करने से बचें, क्योंकि आरबीआई ने साफ कर दिया है कि ये नोट वैध तो हैं, लेकिन इनका चलन अब लगभग खत्म हो चुका है। अपने पैसे को सुरक्षित रखने के लिए आप ये काम कर सकते हैं।

# बाजार में भारी गिरावट रही लेकिन आईटीसी के शेयरों में आई तेजी

## कंपनी का अप्रैल से जून 2025 में नेट प्रॉफिट 4912 करोड़ रुपए रहा



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को बाजार के बंद होने के बाद आईटीसी ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया। कंपनी की तरफ से दी जानकारी के मुताबिक अप्रैल से जून 2025 में नेट प्रॉफिट 4912 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 4874 करोड़ रुपए था। कंपनी का रेवन्यू 20,911 करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर आईटीसी का रेवन्यू 15 फीसदी बढ़ा है। बता दें एक साल पहले इस अवधि में आईटीसी का रेवन्यू 18,266 करोड़ रुपए था।

भले ही शुक्रवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट थी, लेकिन आईटीसी के शेयरों में तेजी थी। शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर आईटीसी लिमिटेड का शेयर 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 416.50 रुपए पर बंद हुए थे। आईटीसी लिमिटेड का ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 3 फीसदी की तेजी के साथ 6261 करोड़ रहा था। वहीं, प्रॉफिट (टैक्स भुगतान) 6545 करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर प्रॉफिट 1.9 फीसदी बढ़ा। एफएमसीजी सेगमेंट का योगदान 5543 करोड़ रुपए रहा।

वहीं, सिगरेट डिविजन में 3.7 फीसदी के इजाफे के साथ 5145 करोड़ रुपए रहा। वहीं, नॉन सिगरेट एफएमसीजी बिजनेस 16.5 फीसदी की गिरावट के बाद 397 करोड़ रुपए था। बीते 6 महीने में यह स्टॉक 9.94 फीसदी गिरा। वहीं, एक साल में आईटीसी लिमिटेड के शेयरों का भाव 10 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है। कंपनी का 52 वीक हाई 500.01 रुपए और 52 वीक लो लेवल 391.50 रुपए है। बता दें कंपनी का शेयर 2 साल में 5 फीसदी से ज्यादा टूटा।

# बीएसएनएल ने रेलटेल को दिया 166.38 करोड़ का काम, 2028 तक करना होगा पूरा

**नई दिल्ली।** रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। कंपनी को बीएसएनएल ने 166.38 करोड़ रुपए का काम दिया है। यह कॉन्ट्रैक्ट सर्विस आधारित है। इस प्रोजेक्ट रेलटेल को 31 जुलाई 2028 तक पूरा करना होगा। रेलटेल ने पहली तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। अप्रैल से जून 2025 में रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया का नेट प्रॉफिट 66 करोड़ था। सालाना आधार पर कंपनी का नेट प्रॉफिट 36 फीसदी बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 48.60 करोड़ था। बता दें रेवन्यू पहली तिमाही में 743.80 करोड़ रुपए रहा। सालाना आधार पर 33.20 फीसदी रेवन्यू बढ़ा है। ईबीआईटीडीए का कंपनी का 28 फीसदी बढ़ा है। जून क्वार्टर में यह 133 करोड़ था। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 104 करोड़ रुपए रहा है। शुक्रवार को रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के शेयर 3.68 फीसदी की गिरावट के बाद 353.70 रुपए पर बंद हुआ था। बीते तीन महीने में इस स्टॉक की कीमतों में 19 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इसके बाद भी एक साल में यह स्टॉक 28 फीसदी टूटा है। इसके बाद भी 2 साल में कंपनी के शेयरों में 100 फीसदी की उछाल आई। रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के शेयर इस महीने एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेंगे। कंपनी की तरफ से एक शेयर पर 85 पैसे का डिविडेंड देने का फैसला लिया गया है।

# एमसीए को जांच में मिली कई गड़बड़ी, इंडसइंड बैंक की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## बैंक खराब कर्ज की पहचान करने और अनियमितताओं जैसी समस्याओं से जूझ रहा है

**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) को जांच में कई गड़बड़ी मिली है। एमसीए अब इस मामले की जांच महानिदेशालय को सौंपने पर विचार कर रहा है। इसके अलावा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) को भी मामला सौंपा जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इंडसइंड बैंक के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो जाएगी। हालांकि, बैंक को इस संबंध में एमसीए से कोई सूचना नहीं मिली है।

बता दें इंडसइंड बैंक पहले से ही आरबीआई, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अलावा भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान सहित कई प्राधिकरणों की जांच के दायरे में है। इंडसइंड बैंक का जून 2025 को खत्म तिमाही का मुनाफा 72 फीसदी से घटकर 604 करोड़ रुपए पर आ गया। बैंक ने एक साल पहले इस अवधि में 2,171 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था।

इंडसइंड बैंक को मार्च 2025 तिमाही में 2,329 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 14,420.80 करोड़ रह गई, जबकि इससे एक साल पहले इसी तिमाही में यह 14,988.38 करोड़ रुपए थी। समीक्षा अवधि में मुख्य ब्याज आय भी 5,408 करोड़ रुपए से घटकर 4,640 करोड़ रह गई। हालांकि शुल्क और अन्य आय में अपेक्षाकृत सीमित गिरावट हुई और यह आंकड़ा सालाना आधार पर 2,442 करोड़ से घटकर 2,157 करोड़ रुपए रहा। इंडसइंड बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात जून, 2025 में बढ़कर 3.64 फीसदी हो गया, जो मार्च, 2025 में 3.13 फीसदी था, लेकिन तिमाही आधार पर प्रावधान 2,522 करोड़ रुपए से घटकर 1,760 करोड़ रुपए रह गया। बता दें इंडसइंड बैंक खराब कर्ज की पहचान करने और वायदा-विकल्प खंड में कथित अनियमितताओं से जूझ रहा है।

# सैयारा के सपोर्ट में आईं तनीषा मुखर्जी, मेकर्स पर लग रहे थे पेड रिएक्शन के इल्जाम




18 जुलाई को रिलीज हुई मोहित सूरी की फिल्म सैयारा साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक साबित हुई है। नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत इस फिल्म की कहानी ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया है। सिनेमाघरों में लोगों की प्रतिक्रियाओं के भावुक वीडियो वायरल हो रहे हैं। जहां कई लोगों ने फिल्म की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने इस पर संदेह भी जताया है, जिसके बाद अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

### नकली प्रदर्शन करने के लिए दिए जा रहे पैसे?

दरअसल यूट्यूब पर एक चैनल द बार्बर शॉप विद शांतनु में दावा किया गया कि सिनेमाघरों में भावनात्मक चीजें नकली और बनावटी होते हैं। वक्ता ने आरोप लगाया कि फिल्म देख कर सिनेमाघरों में लोग जो प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं वह झूठी हैं। उन्होंने कहा इस बेतुकी सैयारा फिल्म के साथ क्या हो रहा है? मेरे विचार से, इस फिल्म के निर्माता ने कई युवाओं को सिनेमाघरों में जाकर रोने का भावनात्मक प्रदर्शन करने के लिए 500 रुपये दिए हैं। इस तरह फिल्म का प्रचार हो रहा है।

### तनीषा का फूटा गुस्सा

तनीषा मुखर्जी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे नकारात्मक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा पूरी तरह से असहमत। समय बदल रहा है और ये लोग अतीत में ही उलझे हुए हैं। नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें। यह आदमी बकवास कर रहा है। क्या उसे फिल्म के बारे में कुछ भी पता है? वह सैयारा के बहाने नकारात्मक बातें





करके व्यूज बटोर रहे हैं। अगर लोग किसी फिल्म को पसंद कर रहे हैं तो इसमें गलत क्या है? सिर्फ इसलिए कि वह खुद को उससे जोड़ नहीं पा रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं कि युवा पीढ़ी भी उससे जुड़ाव महसूस नहीं करती। हर पीढ़ी अलग होती है। हम कह रहे हैं जाकर फिल्म देखिए और देखिए दर्शक कैसे प्रभावित होते हैं, फिर बात कीजिए। यह तो सिर्फ बॉलीवुड की आलोचना है!

### बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चल रही है सैयारा

आपको बता दें कि फिल्म सैयारा बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। रिलीज के सिर्फ 13 दिनों में ही इस फिल्म ने भारत में 286 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया है। यशराज फिल्म्स द्वारा समर्थित सैयारा ने दर्शकों के साथ एक जुड़ाव बनाया है।



# शहनाज गिल की आगामी फिल्म 'एक कुड़ी' में गाना गाएंगे हनी सिंह

सिंगर-एक्ट्रेस शहनाज गिल अपनी आगामी फिल्म एक कुड़ी से काफी चर्चा में हैं। यह फिल्म कुछ महीनों के अंदर दर्शकों के बीच होगी। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस मशहूर रैपर हनी सिंह के साथ नजर आ रही हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अभिनेत्री की आगामी फिल्म के लिए हनी सिंह एक धमाकेदार गाना लेकर आने वाले हैं।

### हनी सिंह के साथ मस्तमौले अंदाज में दिखीं शहनाज

शहनाज गिल ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों की बात की जाए तो पहली ही तस्वीर में एक्ट्रेस हनी सिंह के साथ दिख रही हैं, जिसमें दोनों काफी खुश दिख रहे हैं। इस तस्वीर में रैपर अभिनेत्री की ओर देखते हुए हंसते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा शहनाज गिल ने खुद की कुछ और फोटोज शेयर की हैं, जिनमें उन्हें अनोखी हेयरस्टाइल में देखा जा सकता है। साथ ही एक्ट्रेस वेस्टर्न आउटफिट और ब्लैक कलर का लॉन्ग बूट पहने दिख रही हैं।

### एक कुड़ी के लिए सॉन्ग लेकर आ रहे हनी सिंह?

इन तस्वीरों को शेयर करते हुए शहनाज गिल ने हनी सिंह को टैग करते हुए कैप्शन दिया कि ये हंसी देसी है। इस पोस्ट के वायरल होते ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि हनी सिंह अभिनेत्री की आगामी फिल्म एक कुड़ी के लिए एक शानदार गाना लेकर आने वाले हैं। आपको बताते चलें कि इससे पहले भी हनी सिंह इस फिल्म के लिए एक गाना गा चुके हैं।

### एक कुड़ी फिल्म के बारे में

शहनाज गिल की यह पंजाबी फिल्म 19 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। पहले इस फिल्म को 13 जून को रिलीज किया जाना था। फिल्म का निर्देशन अमरजीत सिंह द्वारा किया जा रहा है और उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। इस फिल्म का इंतजार एक्ट्रेस के साथ-साथ उनके फैंस भी बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं।



# रांझणा में मेरे लिए आनंद ने लगाया था अपना पैसा



साउथ के सुपरस्टार धनुष ने फिल्म रांझणा को लेकर एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में उन्हें कास्ट करना आसान नहीं था। धनुष ने कहा, उस वक्त आनंद एल राय के पास मुझे कास्ट करने के लिए बजट नहीं था। मैंने लगभग फिल्म को मना कर दिया था। लेकिन आनंद सर का जुनून इतना गहरा था कि उन्होंने हर हाल में मुझे ही कुंदन के रोल में देखना चाहा। धनुष ने आगे बताया... उन्होंने इस किरदार के लिए हर मुश्किल का सामना किया, यहां तक कि अपनी जेब से भी पैसा लगाया। उन्होंने मुझमें कुंदन को देखा और अपने विजन पर अडिग रहे। बता दें कि रांझणा में धनुष ने बनारस के एक जुनूनी प्रेमी कुंदन का किरदार निभाया था, जो दिल टूटने के बाद राजनीति की दुनिया में चला जाता है। इस फिल्म के बाद धनुष और आनंद एल राय ने अतरंगी रे में साथ काम किया और अब दोनों तेरे इश्क में नाम की फिल्म पर फिर से साथ आ रहे हैं, जो इसी साल रिलीज होगी। इसमें धनुष के साथ कृति सेनन भी दिखेंगी।

# सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने पहली बार मिलाया हाथ



एक्टर सनी देओल ने हाल ही में गदर 2 और जाट जैसी हिट फिल्में दीं। उनके पास बॉर्डर 2, लाहौर 1947 और रामायण-पार्ट वन जैसी बड़ी फिल्में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जल्द सनी देओल एक्सेल एंटरटेनमेंट की बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म में भी नजर आएंगे। एक सूत्र ने बताया कि इस फिल्म से सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट की पहली बार पार्टनरशिप होगी। दोनों के बीच इसको लेकर काफी वक्त से बातचीत चल रही थी। अब एक हाई-कॉन्सेप्ट और बड़े स्केल की फिल्म पर मिलकर काम शुरू हो रहा है। यह भी बताया गया कि इस फिल्म से बालाजी डायरेक्शन में डेब्यू करेंगे। वह इससे पहले कई तमिल ब्लॉकबस्टर फिल्मों में असिस्टेंट और एसोसिएट डायरेक्टर रह चुके हैं। फिल्म की शूटिंग दिसंबर से शुरू होगी। सूत्र ने बताया, यह एक दमदार फिल्म होगी। इसमें सनी उसी अवतार में दिखेंगे, जिसमें दर्शकों ने उन्हें हमेशा पसंद किया है।

# क्या बिग बॉस 19 का हिस्सा होंगी मल्लिका शेरावत? एक्ट्रेस ने बताई सच्चाई



बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है।

### मल्लिका ने चर्चाओं को किया खारिज

अपने बिग बॉस 19 में जाने की चर्चाओं के बीच अब मल्लिका शेरावत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में मल्लिका ने बिग बॉस में उनको लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं।

हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की। वीडियो में नए लोगो की भी झलक दिखाई गई है। जिसमें एक कलरफुल आंख दिखाई दे रही है, जो शो के अलग-अलग रंग दिखाती है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर शेयर करके बताया गया कि काउंटडाउन शुरू हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बिग बॉस का 19वां सीजन इस बार कई बड़े बदलावों के साथ लौट रहा है। इस बार का फॉर्मेट न सिर्फ पूरी तरह से नया होगा, बल्कि शो के लोकप्रिय डायलॉग और कंटेस्टेंट्स के रोल्स में भी अहम फेरबदल किया गया है।



# कौन है मेधा राणा, अनीत पड्डा से हो रही है तुलना

**मेधा राणा अचानक सुर्खियों में आ गई हैं। उनकी तुलना सैयारा गर्ल अनीत पड्डा से हो रही है। मेधा की बॉर्डर 2 में एंट्री हुई है। वह फिल्म में वरुण धवन के साथ रोमांस करती दिखेंगी।**

सैयारा की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद अनीत पड्डा की पॉपुलैरिटी आसमान छू रही है। अप्रैल में जब इस फिल्म का ऐलान हुआ था, तब इंस्टाग्राम पर अनीत को 34 हजार यूजर्स फॉलो कर रहे थे, लेकिन अब यह बढ़कर 2 मिलियन के करीब पहुंच गए हैं। अनीत देश की नई नेशनल क्रश बन गई हैं। अब इसी बीच और एक हसीना की इस चकाचौंध में एंट्री हुई है। नाम है मेधा राणा। उन?हें बॉर्डर 2 में वरण धवन के अपोजिट कास्ट किया गया है। मजेदार बात ये है कि



जैसे ही मेधा का नाम सामने आया, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरने लगी हैं। लोग मेधा की तुलना अनीत पड्डा से कर रहे हैं। कह रहे हैं कि सैयारा गर्ल की तरह ही मेधा राणा भी बॉलीवुड की बेजोड़ फ्रेश फेस बनेंगी। अब आप भी सोच रहे होंगे कि ये मेधा राणा है कौन? तो आइए, तफ्सील से बताते हैं।

### बॉर्डर 2 में वरुण धवन की प्रेमिका बनेंगी मेधा राणा

सबसे पहले, सबसे जरूरी बात। साल 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। इस वॉर ड्रामा में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। 28 जुलाई को निर्माताओं ने फिल्म में वरुण धवन की प्रेमिका के रूप में एक नए चेहरे को पेश किया। मेधा राणा का स्वागत करते हुए टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हर कहानी को अपने लोग मिल जाते हैं। हमें बॉर्डर 2 परिवार में वरुण धवन के साथ मुख्य भूमिका में मेधा राणा का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। साहस और देशभक्ति की एक यादगार गाथा के लिए तैयार हो जाइए। बॉर्डर 2 अगले साल 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

### मेधा राणा ने लंदन फाइल्स से किया था एक्टिंग डेब्यू

अनीत पड्डा की तरह ही मेधा राणा सिनेमा की दुनिया के लिए थोड़ी नई जरूर हैं, लेकिन बॉर्डर से पहले वह एक्टिंग डेब्यू कर चुकी हैं। साल 2022 में आई वेब सीरीज लंदन फाइल्स में आपने मेधा को देखा होगा। इस सीरीज से ही मेधा राणा ने एक्टिंग में डेब्यू किया। सीरीज में अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली लीड रोल में थे।

### बाबिल की गर्लफ्रेंड का निभा चुकी हैं रोल

मेधा राणा वेब सीरीज के अलावा OTT पर नेटफ्लिक्स की फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान में भी नजर आ चुकी हैं। इसमें वह बाबिल खान की गर्लफ्रेंड बनी थीं। यही नहीं, वह अमेजन एमएक्स प्लेयर के मिनी सीरीज इश्क इन द एयर में शांतनु माहेश्वरी के साथ भी नजर आ चुकी हैं। वह इसी प्लेटफॉर्म की सीरीज डांसिंग ऑप द ग्रेव में सबाह के रोल में दिखीं।

### मेधा राणा की उम्र और एजुकेशन, वरुण धवन से 12 साल छोटी

मेधा राणा की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1999 को गुरुग्राम में हुआ है। हालांकि, उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ और बेंलगुरु में हुई है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट और फिर बेंगलुरु के क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। वैसे, मेधा उम्र में अपने ऑनस्?क्रीन हीरो वरुण धवन से 12 साल छोटी हैं। वरुण धवन 24 अप्रैल 1987 को पैदा हुए हैं।

### मॉडलिंग से पहले मुंबई में की थी इंटर्नशिप

मॉडलिंग और एक्टिंग में करियर शुरू करने से पहले मेधा राणा ने मुंबई में मार्केटिंग और कम्यूनिकेशन कंपनी डीडीबी मुद्रा ग्रुप में इंटर्नशिप भी की है।

### मेगा मॉडल हंट की विनर रही हैं मेधा राणा

साल 2018 में मेधा पर फैशन की दुनिया की नजर तब पड़ी, जब वह एक मेगा मॉडल हंट की विनर बनीं। साल 2019 में एचटी ब्रंच मैगजीन ने मेधा को देश की टॉप मॉडल्स की लिस्ट में जगह दी।

### अनीत पड्डा की तरह चॉकलेट के विज्ञापन में दिखी थीं मेधा राणा

मेधा राणा ने इसके बाद कई टीवी विज्ञापनों में काम किया, जिसमें कैडबरी फ्यूज चॉकलेट का ऐड भी है। अब यह मजेदार संयोग ही है कि सैयारा फेम अनीत पड्डा भी इसी कंपनी के सिल्क चॉकलेट के विज्ञापन में नजर आई थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in